The question was put and the motion was adopted.

SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHAJI: RAO SHINDE: I introdlce the Bill.

THE SCHEDULED CASTES, SCHEDULED TRIBES AND BACKWARD CLASSES RESERVATION OF POSTS IN PRIVATE ENTERPRISES BILL. 1994

SUSHIL KUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE (Maharashtra): Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for reservation of posts in private, cooperative and joint sector enterprises and organisation, in consonance with the spirit of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders and the Mandal Commission's recommendations and matters connected therewith.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHAJI-RAO SHINDE: Madam, I introduce the Bill.

THE MARRIED WOMEN (PROTECTION OF RIGHTS) BILL, 1994-Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Now, we would take up the further consideration of the motion in regard to the Married Women (Protection of Rights) Bill, 1994, moved on the 12th August, 1994 by Shrimati Veena Verma. Mr. Kataria was speaking on this Bill. His speech was incomplete. So, I would like to requeest Mr. Kataria to speak on the Bill now. Mr. Kataria.

श्री वीरेन्द्र कटारिया (पंजाब) : मैडम वाईस-चेयरमैन मैं आपका शुक्रगुजार हू कि आपने इस बिलपर मुझे बोलने का मौका दिया है। पिछली दफा जब मैं बोल रहा था तो मैंने बात की थी कि जब तक महिलायें इकनामिक तौर पर डिपेंडेंट रहेंगी तो चाहे वे विवाहित हों या अविवाहित हों उनके राईटस के प्रोटेक्शन की बात, जिसका तसब्बुर हम करते हैं, वह पूरी नहीं हो सकेगी। वीणा जी ने जो विवाहिता स्त्री (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक 1994 इस सदन में रखा है मैं उसकी हिमायत में बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं।

महोदया विवाहित महिलाओं के अधिकारों के साथ-साथ एक और बुनियादी चीज जुड़ी हुई है और वह यह है कि हिन्दुस्तान में औरतों की हालत क्या है। उनके अधिकारों का सवाल तो बाद में पैदा होता है। मैं इस सदन में आज यह कहना चाहता हू कि हिन्दुस्तान में महिलाओं की हालत क्या है। हमारे देश में बहुत सुधारक हुये हैं जिन्होंने औरतों के हितों के लिये मूवमेंटस भी चलाई हैं और लड़ाइयां भी लड़ी हैं। राजा राममोहन राय, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी, स्वामी दयानन्द, इन लोगों ने औरतों को मुनासिब जगह दिलाने के लिये आंदोलन किये हैं।

महोदया, हिन्दुस्तान को आजाद हुये 47 साल के ऊपर हो गये हैं और बेतहाशा लेजिस्लेशन कानून; रूल्स, स्कीमें हिन्दुस्तान में इट्रोडयूस की गई हैं औरतों की हालत को ऊचा उठाने के लिये लेकिन इन सब बातों के बावजूद आज मुझे यह बात कहने में कोई झिझक नहीं है कि आज भी हिन्दुस्तान में औरतों को जो दर्जा मिलना चाहिये वह उसेको नहीं मिला है। जो कानून हैं वह कागज के सीने पर लिखा हुआ जरूर है लेकिन अभी तक हिन्दुस्तान के लोगों के दिलों पर इस कानून का जितना असर होना चाहिये वह नहीं हूआ है। बहुत अवेयरनैस की जरूरत है। आज भी इन सब बातों के बावजूद हिन्दुस्तान में दहेज के लिये औरतों को जिदा जला दिया जाता है। आज भी इस देश के बहुत बड़े हिस्से में जहां तालीम नाम की कोई चीज नहीं है औरतों को पैर की जूती के बराबर समझा जाता है। इस देश के बहुत बड़े हिस्से में आज भी औरतें तालीम से वचित हैं। लोगों ने एजेंडा में कोई यह चीज नहीं है कि स्त्री शिक्षा की कितनी जरूरत है इस देश की तकदीर को बदलने में, हमारा सोशल निजाम

The question was put and the motion was adopted

बदलने में और इस देश को ऊंचा ले जाने में । ऐसी कोई बात हमारे एजेंडा में नहीं है । इस बैकग्राउंड में जब हम मैरिड वूमेन के राईटस की बातें करते हैं तो हिन्दुस्तान में औरतों की ओवर ऑल जो सिचुएशन है उससे अलग रहकर अगर हम सिर्फ मैरिड वूमन के राईटस की बातें करें तो उससे यह मसला हल नहीं हो सकता ।

वीणा जी ने जो बिल रखा है, मैं उसकी तहेदिल से हिमायत करता हूं । उसके जो प्रोविजंश है, उसकी जो इकोनोमिक इम्पलीकेशंस हैं बिल्कुल काबिले सतायस हैं, क्योंकि जैसा मैंने कहा था कि जब तक इस मुल्क मे वूमेन की इकोनोमिक इमेंसिपेशन नहो होगी, इकोनोमिक राईट्स उनको नहीं मिलेंगे, जब तक उनकी इकोनोमिकली डिपेंडेंट रहेगी, तब तक राईटस की बात को हम पा नहीं सकेंगे । पिछले दिनों बात चली थी – एम्पॉवरमेंट आफ राईटस टू वूमेन की । लेकिन एम्पावरमेंट उतनी ही मिलेगी जितनी एम्पॉवरमेंट के लिये वूमेन जद्दो जहद करेंगी और उसको पाने की कोशिश करेंगी । मेरे विचार में यह मूल-मंत्र है और इस मूल मंत्र का प्रयोग किये बगैर जो सिचुएशन हम क्रिएट करना चाहते हैं, जो सोशल रिवोल्यूशन या जो हमारा पिछड़ापन है या जिस देश की 50 फीसदी आबादी पैरों के नीचे दबी हो उसको ऊंचा उठाना चाहें तथा जब तक ऐसे रिवोल्यूशनरी इकदाम प्रैक्टिकल रूप में नहीं लाये जायेंगे, उस मकसद को पाया नहीं जा सकेगा ।

आज गांवों में चले जाइए । बेतहाशा गांव ऐसे हैं जिनमें औरतों को शिक्षा की कोई जरूरत नहीं समझी जाती । जब तक आप स्त्री शिक्षा के माध्यम से स्त्री जाति को उनके हकों से आगाह नहीं करेंगे, जब तक कि उनके अन्दर यह स्प्रिट पैदा नहीं करेंगे कि यह उनके राईटस हैं तथा वह भी समाज में बराबर की हिस्सेदार हैं, जब तक यह अवेयरनैस पैदा नहीं हो जाती, तो यह कानून आप बेशक पास कर दीजिये उसके नतीजे जिसके लिये यह कानून पास किया जायेगा, वह आप नहीं पा सकेंगे । आज जरूरत इस बात की है कि आज हिन्दुस्तान में औरतों की क्या हालत है । अगर आप मिनिस्ट्री आफ सोशल वैलफेयर के फीगर्स पढ़कर देखें तो हमारे देश से लगता जो मुल्क नेपाल हैं, वहां से कितनी औरतें यहां आती हैं, कितनी औरतों को बेचा जाता है । बंगाल से, उड़ीसा से कितनी औरतों को आज भी इस मुल्क में एक जगह से ले जाकर दूसरी जगह बेचा जाता है । जैसे भेड़ बकरियां होती हैं वैसा उनका जीवन होता है तो वे आज भी पुकारती हैं । आज हिन्दुस्तान में नारी की जो हालत है, ...

मदद चाहती हैं ये हौवा की बेटी,
जुलेखा की हमजिंस, राधा की बेटी
बुलाओं खुदाया-ने दी को बुलाओ,
ये गलियां ये कूचे ये मंजर दिखाओं
खुदाया-ने तकदोसे मशरिक को लाओ,
खुदाया-ने तकदीसे मशरिक कहां हैं?

आज हम हिन्दुस्तान में अपनी तहजीब की बात करते है, अपने कल्चर की बात करते है, ऋषि-मुनियों का देश है, उसकी बात करते हैं । यहां दूध और घी की नदियां बहा करती थीं, उसकी बात करते हैं, पुरानी बातें करते हैं लेकिन जो आज का हिन्दुस्तान है और जिस औरत की तस्वीर मैंने आपके सामने खींची है, उसकी बात करें, पुरानी बातों को करने का कुछ फायदा नहीं है । हिन्दुस्तान बड़ा महान था लेकिन आज हिन्दुस्तान में औरत का जो अपमान होता है, औरत की जो जलालत होती है, उसकी तरफ निगाह दौड़ाने की जरूरत है और मैं ईमानदारी से इस बात को महसूस करता हूं कि शायद ये बात कागजों पर तो है लेकिन हमारे जो बिल का एजेंडा है, उसका यह हिस्सा नहीं है । वीणा जी ने जो तजवीज की है, यह इतनी अजीब बात है कि एक लड़की जो अपने मां-बाप के घर में पैदा होती है, उसका उसकी जायदाद में कोई हक नहीं होता है । सक्सेशन ऐक्ट बनाया है जिसके जरिये हक दिया गया है । 1956 में यह एक्ट बनाया लेकिन इसका इंप्लिमेंटेशन अगर आप देखिये तो माइनस जीरो इम्प्लीमेंटेशन नजर आयेगा । क्या फायदा इस ऐक्ट को बनाने का जिसका इंपलीमेंटेशन नहीं हुआ

हैं ? उसको न तो अपने मां-बापके घर में कोई हक था जायदाद का और जिस पर वो ब्याही जाती है, वहां पर भी कानून की नज़रों में उसका अपने पति की जायदाद में, जब तक उसका पति जिंदा है, कोई हक नहीं है। इतनी अजीब बात है कि उसको अगर अपना हक देना है उस जायदाद में, चाहे वह मूवेबल हो या इम्मूवेबल हो, जब तक वह विधवा नहीं हो जाती, तब तक उसके सिर का सुहाग नहीं उजड़ जाता, वह उस जायदाद में पार्टनर नहीं बन सकती, हिस्सेदार नहीं बन सकती। यह कितने मज़ाक की बात है और कितने दुर्भाग्य की बात है कि एक औरत अपने सुहाग की दुआ मांगती है अपने सुहाग के लिये सारी दुनिया से लड़ने के लिये चंडी का रूप भी धारण कर सकती है लेकिन उसी चंडी के रूप धारण करने वाली वीरांगना की बात की तवज्वह करें कि वह जायदाद में हिस्सा लेने के लिये, पार्टनर बनाने के लिये अपने सुहाग का सिंदूर अपने सिर से मिटा दें, यह कितनी अनर्थ सोच है, कितनी गलत बात है। मैं उनकी इस बात की ताईद करना चाहता हूं कि

when a woman gets married, she should be a co-partner in the property of her husband from the very first day of her marriage.

जब तक ये प्रावधान आप कानून में नहीं करते हैं, हिन्दुस्तान में औरतें जलती रहेंगी, बहुएं जलती रहेंगी। तो मैं एक सिंगल प्रोविजन जो है और जो इस बिल की जान है, उस पर जोर देना चाहता हूं कि चाहे इस बिल को सरकार स्वीकार करे या न करे, मैं सरकार से इस बात की अपील करता हूं कि इस प्रावधान को जिसका मैंने अभी जिक्र किया है, इन वन फार्म और इन दि अदर फार्म, सरकार हिन्दुस्तान के कानून का हिस्सा बनाए। और मैरिड वूमैन को अपने पति की जायदाद में शादी के पहले दिन से ही फुल-फ्लैज को-पार्टनर के तौर पर हिस्सेदार कानून की नजर में मानना चाहिये। एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के बाहर बहुत से लोग जाकर बसे हैं और वे बाहर के मुल्कों में रहते हैं। वहां से आकर वे हिन्दुस्तान में शादियां करते हैं, लड़कियों को वहां दूसरे मुल्कों में ले जाते हैं। मेरी नजर में एक नहीं सैकड़ों ऐसे केस आए हैं कि जो लड़कियां यहां से ब्याह कर ले जायी जाती हैं, उनकी जिन्दगी वहां जाकर एक हैल बन जाती है और वह केवल एक बीवी के तौर पर नहीं, एक दासी के तौर पर, एक मेड सरवेंट के तौर पर, एक घरेलू नौकर के तौर पर वहां अपने पतियों के घर में काम करती हैं। मैं इस बात के लिए भी वीणा जी से कहूंगा कि इसको अमेंडमेंट मानिए या इसको मेरा सुझाव मानिए, यह जो एक्ट आपने इंटरड्यूज किया है, जो बिल इन्टरड्यूज किया है, इसमें इस बात का भी प्रावधान होना चाहिये कि जो हिन्दुस्तानी बाहर के मुल्कों में जाकर बसते हैं और यहां से लड़कियों को ब्याह कर ले जाते हैं और वहां पर पहले से उनकी शादियां हुई होती हैं तथा लड़कियों का गुलामों की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इस बिल का इतलाक उन कपल्स पर भी, उन शादीशुदा जोड़ों पर भी होना चाहिए, इस बिल में इसका भी जिक्र आना चाहिए। आज एक और कान्सैप्ट हमारी है कि औरत जब अपने पति से सैपरेशन लेती है, या डायवोर्स होता है तो एक लफ्ज है, जो लफ्ज बजात-ए-खुदबहुत वाहियात है, उसको कहते हैं—मेंटनेंस। मेंटेनेंस शब्द से ऐसा लगता है, जैसे किसी को खैरात दी जा रही है, किसी पर दया की जा रही है। इसलिये यह मेंटनेंस लफ्ज बिल्कुल बेमानी है और यह भी एक जलालत का और एक बदनामी का टीका है।

Why should a woman get maintenance? She should get her right as a matter of right, as a matter of law.

मैं यह चाहता हूं कि जो मेंटमेंस सेंपरेशन पर या डायवोर्स के मौके पर ग्रान्ट की जाती है, इसके बजाय कानून में इस बात का संशोधन किया जाये कि

As a matter of right she should get a right to her husband's properties.

आज मैंने जिस बात से शुरू किया था, उसी बात पर ही मैं फिर खत्म करना चाहूंगा कि इस बिल की पूरी हिमायत करते हुए कि आज जिस देश में, औरतों को जला दिया जाता है, क्योंकि वह दहेज नहीं लायी है, आज इस देश में मैं अपने बाप की प्रापर्टी की हिस्सेदार होते हुए भी एक परसेंट क्षेत्रों में भी यह लॉ इम्पलीमेंट नही होता, आज इस देश में जहां अगर लड़कियां या औरतें वेद पढ़ती हैं, तो कहा जाता है कि उनको वेद पढ़ने का हक नहीं है, आज हजारों औरतें अपने घरों से अलग होकर बैठी हैं, क्योंकि उसके घर वाले, उनके हसबैंड उनको घर में बसाने के लिए तैयार नहीं है। सैपरेशन नहीं हुआ है, डायवोर्स नहीं हुआ है, लेकिन इस देश में हजारों लाखों औरतें ऐसी हैं, जो इस तरह से अपने दिन पूरे कर रही है।

जब तक इकोनोमिक तौर पर वीमेन को मजबूत नहीं किया जाता, जब तक उनकी इकोनोमिक डिपेंडेंस खत्म नहीं की जाती, जब तक उनके अंदर खुद एतमादी पैदा नहीं की जाती जायदाद की हिस्सेदारी बनाकर तब तक वे हिन्दुस्तान में जलील होती रहेंगी। आप ऐसे हजारों कानून पास कीजिए वे कानून कागज की किताब पर लिखे रहेंगे और हम इस देश को हिन्दुस्तान महान कहते रहेंगे। और औरत यह कहती रहेगी हमने जन्म दिया मर्दों को और मर्दों ने उन्हें बाजार में लाकर खड़ा कर दिया। कहानी ऐसे ही चलती रहेगी। इन शब्दों के साथ मैं हाउस से, वजीर साहब से पुरजोर अपील करना चाहूंगा कि इस बिल को आप मानिये या न मानिये लेकिन इसके पीछे जो स्प्रिट है देट शुड बिकम पार्ट आफ अवर लॉ।

†[شری ویریندر کمار "پنجاب": میڈم
وائس چیئرمین۔ میں آپ کا شکر گزار ہوں
کہ آپ نے اس بل پر مجھے بولنے کا موقع
دیا ہے۔ پچھلی دفعہ جب میں بول رہا تھا تو
میں نے بات کی تھی کہ جب تک مہلائیں
اکونامک طور پر ڈیپینڈڈ رہیں گی تو چاہے
وہ وواہت ہوں یا نہ ہوں، ان کے رائٹس
کے پروٹیکشن کی بات جس کا تصور ہم کرتے
ہیں وہ پوری نہیں ہو سکے گی۔ وینا جی نے
جو وواہتا استری ادھیکاروں کا سنرکشن
ودھیک 1994 اس سدن میں رکھا ہے
میں اس کی حمایت میں بولنے کے لئے
کھڑا ہوا ہوں۔

مہودیہ۔ وواہت مہلاؤں کے
ادھیکاروں کے ساتھ ایک اور بنیادی
چیز جڑی ہوئی ہے اور وہ یہ ہے کہ ہندوستان
میں عورتوں کی حالت کیا ہے۔ ان کے

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

ادھیکاروں کا سوال تو بعد میں پیدا ہوتا ہے۔ میں اس سدن میں آج یہ کہنا چاہتا ہوں کہ ہندوستان میں مہیلاؤں کی حالت کیا ہے۔ ہمارے دیش میں بہت سدھارک ہوئے ہیں جنہوں نے عورتوں کے ہتوں کے لئے موومنٹس بھی چلائی ہیں اور لڑائیاں بھی لڑی ہیں۔ راجا رام موہن رائے، لالہ لاجپت رائے، مہاتما گاندھی، سوامی دیانند، ان لوگوں نے عورتوں کو مناسب جگہ دلانے کے لئے آندولن کئے ہیں۔

مہودیہ ہندوستان کو آزاد ہوئے آج ۴۷ سال سے اوپر ہو گئے ہیں اور بے تحاشہ لیجسلیشن۔ قانون، رولس، اسکیمیں ہندوستان میں انٹروڈیوس کی گئی ہیں عورتوں کی حالت کو اونچا اٹھانے کے لئے لیکن ان سب باتوں کے باوجود آج مجھے یہ بات کہنے میں کوئی جھجک نہیں ہے کہ آج بھی ہندوستان میں عورتوں کو جو درجہ ملنا چاہئے تھا وہ ان کو نہیں ملا ہے۔ جو قانون ہے وہ کاغذ کے سینے پر لکھا ہوا ضرور ہے لیکن ابھی تک ہندوستان کے لوگوں کے دلوں پر اس قانون کا جتنا اثر ہونا چاہئے تھا۔ وہ نہیں ہوا ہے۔ بہت اویرنیس کی ضرورت ہے۔ آج بھی ان سب باتوں کے باوجود ہندوستان میں جہیز کے لئے عورتوں کو زندہ جلایا جاتا ہے۔ آج بھی اس دیش کے بہت بڑے حصے میں جہاں تعلیم نام کی کوئی چیز نہیں ہے عورتوں کو پیر کی جوتی کے برابر سمجھا جاتا ہے۔

اس دیش کے بہت بڑے حصے میں آج بھی عورتیں تعلیم سے ونچت ہیں لوگوں کے ایجنڈا میں کوئی یہ چیز نہیں ہے کہ استری شکشا کی کتنی ضرورت ہے۔ اس دیش کی تقدیر بدلنے میں۔ ہمارا سوشل نظام بدلنے میں اور اس دیش کو اونچا لے جانے میں۔ ایسی کوئی بات ہمارے ایجنڈا میں نہیں ہے۔ اب اس بیک گراؤنڈ میں جب ہم میریڈ وومن کے رائٹس کی باتیں کرتے ہیں تو ہندوستان میں عورتوں کی اوورآل جو سچویشن ہے۔ اس سے الگ رہ کر اگر ہم صرف میریڈ وومن کے رائٹس کی باتیں کریں تو اس سے یہ مسئلہ حل نہیں ہو سکتا۔

وینا جی نے جو بل رکھا ہے۔ میں اس کی تہہ دل سے حمایت کرتا ہوں اس کے جو پروویجنس ہیں۔ اس کی جو اکونامک امپلیکیشن ہیں۔ بالکل قابل ستائش ہیں

کیونکہ جیسا ممبر نے کہا تھا کہ جب تک اس ملک میں وومن کی اکونامک انڈیپنڈنس نہیں ہوگی۔ اکونامک رائٹس انکو نہیں ملیں گے۔ یہ جب تک ان کی اکونومیکلی ڈیپنڈنٹ رہے گی۔ تب تک رائٹس کی بات کو ہم پا نہیں سکیں گے۔ پچھلے دنوں بات چلی تھی۔ ایمپاورمنٹ آف رائٹس ٹو وومن کی لیکن ایمپاورمنٹ انہیں کب ملے گی جبکہ ایمپاورمنٹ کے لئے وومن جدوجہد کریں گی اور اس کو پانے کی کوشش کریں گی۔ میرے خیال میں یہ مول منتر ہے اور اس مول منتر کا پریوگ کئے بغیر جو سچوایشن ہم کریئیٹ کرنا چاہتے ہیں۔ جو سوشل ریوولوشن یا جو ہمارا آئیڈیا ہے یا جس پچاس فی صدی آبادی پیروں کے نیچے دبی ہے اس کو اونچا اٹھانا چاہتے ہیں تب تک ایسے ریوولیوشنری اقدام پریکٹیکل روپ میں نہیں لائے جائیں گے اس مقصد کو پایا نہیں جا سکے گا۔

آج گاؤں میں چلے جائیے بےتحاشہ گاؤں ایسے ہیں جن میں عورتوں کو شکشا کی کوئی ضرورت نہیں سمجھی جاتی۔ جب تک آپ استری شکشا کے مادھیم سے اس ناری جاتی کو ان کے حقوق سے آگاہ نہیں کریں گے جب تک کہ ان کے اندر یہ اسپرٹ پیدا نہیں کریں گے کہ یہ ان کے حقوق ہیں تھا وہ یعنی جو آج ہیں برابر سے متعلقہ دار ہیں۔ جب تک یہ اویئرنیس پیدا نہیں ہو جاتی تو یہ قانون آپ نے شاید پاس کر دیکھئے اس کے نتیجے جس کے لئے یہ قانون پاس کیا جاتا ہے گا وہ آپ نہیں پا سکیں گے آج ضرورت اس بات کی ہے کہ آج ہندوستان میں عورتوں کی کیا حالت ہے اگر آپ "منسٹری آف سوشل ویلفیئر کی رپورٹ" دیکھیں تو آپ کو اس سے پتہ لگتا ہے کہ ملک میں ہر سال وہاں سے کتنی عورتیں بھاری آتی ہیں۔ کتنی عورتوں کو بیچا جاتا ہے۔ بنگال سے آسام سے کتنی عورتوں کو آج بھی اس ملک میں ایک جگہ سے لا کر دوسری جگہ بیچا جاتا ہے۔ جیسے بھیڑ بکریاں ہوتی ہیں۔ ویسا ان کا جیون ہوتا ہے تو آج بھی بیکاری ہے۔ آج ہندوستان میں ناری کی جو حالت ہے

مدد چاہتی ہے یہ حوا کی بیٹی
زلیخا کی ہم جنس رادھا کی بیٹی
بلاؤ خدایان دین کو بلاؤ
یہ گلیاں یہ کوچے یہ منظر دکھاؤ
خدایان تقدیس مشرق کو لاؤ
خدایان تقدیس مشرق کہاں ہے

آج ہم ہندوستان میں اپنی تہذیب کی بات کرتے ہیں۔ اپنے کلچر کی بات کرتے ہیں۔ رشی منیوں کی تپسیا کی اس کی بات کرتے ہیں۔ یہاں دودھ اور دہی کی ندیاں بہا کرتی تھیں۔ اس کی بات کرتے ہیں۔ پرانی باتیں کرتے ہیں لیکن جو آج کا ہندوستان ہے اور جس عورت کی تصویر میں نے آپ کے سامنے کھینچی ہے اس کی بات کریں۔ پرانی باتوں کو کرنے کا کچھ فائدہ نہیں ہے۔ ہندوستان بڑا مہان تھا لیکن آج ہندوستان میں جو عورت کا اپمان ہوتا ہے عورت کی جو ذلالت ہوتی ہے اس کی طرف نگاہ دوڑانے کی ضرورت ہے اور میں ایمانداری سے اس بات کو محسوس کرتا ہوں کہ شاید یہ بات کاغذوں پر تو ہے لیکن ہمارے جو بل کا ایجنڈا ہے اس کا یہ حصہ نہیں ہے جو دینا جی نے جو تجویز کی ہے۔ یہ اتنی عجیب بات ہے کہ ایک لڑکی جو اپنے ماں باپ کے گھر میں پیدا ہوتی ہے اس کا اس کی جائداد میں کوئی حق نہیں ہوتا ہے سکسیشن ایکٹ بنایا ہے جس کے ذریعہ حق دیا گیا ہے۔ ۱۹۵۶ء میں یہ ایکٹ بنایا لیکن امپلیمنٹیشن اگر آپ دیکھئے تو نائنیس زیرو امپلیمنٹیشن نظر آئے گا۔ کیا فائدہ اس ایکٹ کو بنانے کا جس کا امپلیمنٹیشن نہیں ہوا ہے اس کو نہ تو اپنے ماں باپ کے گھر میں کوئی حق تھا جائداد کا اور جس گھر وہ بیاہی جاتی ہے وہاں پر بھی قانون کی نظروں میں اس کا اپنے پتی کی جائداد میں جب تک اس کا پتی زندہ ہے کوئی حق نہیں ہے۔ اتنی عجیب بات ہے کہ اس کو اگر اپنا حق دینا ہے اس جائداد میں چاہے وہ موویبل ہو یا ان موویبل ہو جب تک وہ ودوا نہیں ہو جاتی جب تک اس کے سر کا سہاگ نہیں اٹھ جاتا وہ اس جائداد میں پارٹنر نہیں بن سکتی حصہ دار نہیں بن سکتی یہ کتنے مذاق کی بات ہے اور کتنے دکھ کی بات ہے کہ ایک عورت اپنے سہاگ کی دعا مانگتی ہے۔ اپنے سہاگ کے لئے ساری دنیا سے لڑنے کے لئے چنڈی کا روپ بھی دھارن کر سکتی ہے لیکن اس چنڈی کا روپ دھارن کرنے والی ویرانگنا کی بات کو توقع کریں کہ وہ جائداد میں حصہ لینے کے لئے پارٹنر بننے کے لئے اپنے سہاگ کا سندور اپنے سر سے مٹا دے یہ کتنی ازارہ سوچ ہے۔ کتنی غلط بات ہے میں ان کی اس بات کی تائید کرنا چاہتا ہوں کہ

میڈسرونٹ کے طور پر۔ ایک گھریلو نوکر کے طور پر وہاں اپنے بیٹیوں کے گھر میں کام کرتی ہیں۔ میں اس بات کیلئے بھی وینا جی سے کہوں گا کہ اس کو امنڈمنٹ مانئے یا اس کو میرا سجھاؤ مانئے یہ جو ایکٹ آپنے انٹروڈیوس کیا ہے۔ جو بل انٹروڈیوس کیا ہے اس میں اس بات کا بھی پراودھان ہونا چاہیئے کہ جو ہندوستانی باہر کے ملکوں میں جا کر بستے ہیں اور یہاں سے لڑکیوں کو بیاہ کر لے جاتے ہیں اور وہاں پر پہلے سے ان کی شادیاں ہوتی ہوتی ہیں تھا لڑکیوں کو بیاہ کر لے جاتے ہیں اور وہاں پر پہلے سے ان کی شادیاں ہوتی ہوتی ہیں تھا لڑکیوں کا غلاموں کی طرح استعمال کیا جاتا ہے۔ اس بل کا اطلاق ان کپلس پر بھی۔ ان شادی شدہ جوڑوں پر بھی ہونا چاہیئے۔ اس بل میں اس کا بھی ذکر آنا چاہیئے۔ آج ایک اور کانسیپٹ ہماری ہے کہ عورت جب اپنے پتی سے سیپریشن لیتی ہے یا ڈائیورس ہوتا ہے تو ایک لفظ ہے جو لفظ بذات خود بہت واہیات ہے اس کو کہتے ہیں مینٹی ننس۔ مینٹی ننس شبد سے ایسا لگتا ہے جیسے کسی کو خیرات دی جا رہی ہے کسی پر دیا کی جا رہی ہے اس لئے یہ مینٹی ننس لفظ بالکل بے معنی ہے جب تک یہ پراودھان آپ قانون میں نہیں کرتے ہیں۔ ہندوستان میں عورتیں جلتی رہیں گی۔ بہوئیں جلتی رہیں گی۔ تو میں ایک سنگل پروویژن جو ہے اور جو اس بل کی جان ہے اس پر زور دینا چاہتا ہوں چاہے اس بل کو سرکار سویکار کرے یا نہ کرے۔ میں سرکار سے اس بات کی اپیل کرنا چاہتا ہوں کہ اس پراودھان کو جس کا میں نے ابھی ذکر کیا ہے "ان ون فارم آر ان اور فارم" سرکار ہندوستان کے قانون کو حصہ بنائیے اور میریڈ وومین کو اپنے پتی کی جائداد میں شادی کے پہلے دن سے ہی "فل فلیجڈ کو۔ پارٹنر" کے طور پر حصہ دار قانون کی نظر میں ماننا چاہیئے ایک بات میں اور کہنا چاہتا ہوں کہ ہندوستان سے باہر بہت سے لوگ جا کر بسے ہیں اور وہ باہر کے ملکوں میں رہتے ہیں وہاں سے آ کر وہ ہندوستان میں شادیاں کرتے ہیں۔ لڑکیوں کو وہاں دوسرے ملکوں میں لے جاتے ہیں۔ میری نظر میں ایک نہیں سینکڑوں ایسے کیس آئے ہیں کہ جو لڑکیاں یہاں سے بیاہ کر لے جائی جاتی ہیں۔ ان کی زندگی وہاں جا کر ایک ھیل سن جاتی ہے اور وہ کیول ایک بیوی کے طور پر نہیں ایک داسی کے طور پر۔ ایک

اور یہ بھی ایک ذلالت کا اور بدنامی کا
ٹیکا ہے

Why should a woman get maintenance? She should get her right as a matter of right, as matter of law.

میں یہ چاہتا ہوں کہ یہ جو مینٹی ننس
سیپریشن پر یا ڈائیوورس کے موقع
پر گرانٹ کی جاتی ہے

As a matter of right she should get a right to her husband's properties.

اس کے بجائے قانون میں اس
بات کا سنشودھن کیا جائے کہ ...

آج میں نے جس بات سے شروع
کیا تھا اس بات پر ہی میں پھر ختم کرنا
چاہوں گا کہ اس بل کی پوری حمایت
کرتے ہوئے کہ آج جس دیش میں عورتوں
کو جلا دیا جاتا ہے کیونکہ وہ جہیز نہیں
لائے ہے آج اس دیش میں اپنے باپ
کی پراپرٹی کی حصہ دار ہوتے ہوئے بھی
ایک پرسنٹ اکشیتروں میں بھی یہ لاء اپلی مینٹ
نہیں ہوتا۔ آج اس دیش میں جہاں اگر
لڑکیاں یا عورتیں وید پڑھتی ہیں تو کہ
جاتا ہے کہ ان کو وید پڑھنے کا حق نہ
ہے۔ آج ہزاروں عورتیں اپنے گھروں
الگ ہو کر بیٹھی ہیں کیوں کہ ان کو گھرو

ان کے ہسبینڈ انکو گھر میں بسانے کے لئے
تیار نہیں ہیں۔ سیپریشن نہیں ہوا ہے ڈائیوورس
نہیں ہوا ہے لیکن اس دیش میں ہزاروں
لاکھوں عورتیں ایسی ہیں جو اس طرح سے
اپنے دن پورے کر رہی ہیں۔

جب تک اکنامک طور پر وومینس کو
مضبوط نہیں کیا جاتا جب تک ان کی
اکنامک ڈیپینڈینس ختم نہیں کی جاتی۔
جب تک ان کے اندر خود اعتمادی پیدا
نہیں کی جاتی جائداد کی حصہ داری بنا کر۔
تب تک وہ ہندوستان میں ذلیل ہوتی
رہیں گی۔ آپ ایسے ہزاروں قانون پاس
کیجئے وہ قانون کاغذ کی کتاب پر لکھے
رہیں گے اور ہم اس دیش کو ہندوستان
مہان کہتے رہیں گے۔ اور عورت یہ کہتی
رہے گی کہ ہم نے جنم دیا مردوں کو اور مردوں
نے انہیں بازار میں لاکر کھڑا کر دیا۔ کہانی
ایسے ہی چلتی رہے گی۔

ان شبدوں کے ساتھ میں ہاؤس سے
وزیر صاحب سے پرزور اپیل کرنا چاہونگا
کہ اس بل کو آپ ملائیے یا نہ ملائیے لیکن
اس کے پیچھے جو اسپرٹ ہے "دیٹ شوڈ بی
پارٹ آف آور لا"۔

"ختم شد"

ansliteration in Arabic Script.

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं माननीय वीणा जी के विधेयक का समर्थन करूंगा । लेकिन जैसा उद्देश्य उन्होंने दर्शाया है कि आज भी आजादी के इतने वर्षों के बाद महिलाओं को सम्मान और समाज में उचित स्थान नहीं मिल पाया, मैं क्षमा चाहूंगा अपने सम्मानित सदस्यों से, एक उदाहरण देता हूं । मेरे एक मित्र ने मुझ से कहा मुझे रक्तचाप हो गया । मैंने कहा क्यों ? तो बोले चिकनाई ज्यादा खा लेता हूं । और कहा मैं दवा ले रहा हूं । मैंने उनसे कहा तुम दवा लेने के बजाय चिकनाई खाना छोड़ दो तो तुम्हें बीमारी नहीं होगी। लेकिन वह चिकनाई खाना नहीं छोड़ते । ठीक उसी तरह से हमारे देश में कानून तो बनते हैं नीबनये लेकिन उन कानूनों से कोई समाधान नहीं होता । जो समस्या के कारण रहे उन कारणों को हम दूर नहीं करते । उनको बढ़ाते चले जा रहे है । महिलाओं को उचित स्थान समाज में क्यों नहीं मिल पाता, सम्मान क्यो नहीं मिल पाता पहले इसकी बुनियाद में जाइये । सबसे बड़ी बुनियाद देश के तथाकथित धर्म और धर्म ग्रन्थ है । मैं उदाहरण के तौर पर कहना चाहता हूं चाहे हिन्दू हों, मुसलमान हों या कोई धर्म भी हो । आप जानते है हमारे यहां हिन्दुओं के दो ग्रंथ रामायण और गीता हैं और मुसलमानों में कुरान । सब जानते है कि हमारी रामायण में जो लिखा हुआ है उसमें आज तक किसी ने संशोधन नहीं किया । उसमें लिखा है :

ढोल गंवार शूद्र पशु नारी,
ये सब ताड़न के अधिकारी ।

संशोधन किसी ने नहीं कराया । हम रोज रामायण का पाठ करते है । जो हमारे मान्य ग्रंथ है और जिसमें नारी प्रताडना की अधिकारिणी है तो नारी को उचित स्थान कैसे मिल सकता है समाज में । यह एक प्रश्न है । ठीक इसी तरह से गीता में 9वें अध्याय के 32वें श्लोक में कृष्ण ने कहा है। हे अर्जुन, स्त्री, शूद्र, वेश्या, पापयोनि आदि जो कोई भी हो वह भी मेरी शरण में आकर परम गति को प्राप्त हो जाता है । इसका मतलब यह है कि उपरोक्त लोग हेय हैं । आप कुरान की बात करते है । कुरान की दूसरी सुरा अलबकरा की 228 वी आयत है उसमें उसका जितना हिस्सा है उतना ही कहता हूं।" जैसे मर्दों का हक औरतों के ऊपर है वैसे ही अदस्तूर औरतों का हक भी मर्दों पर है । लेकिन मर्दों को औरतो पर प्रधानता प्राप्त है । यानी मैन ओर सुपिरियर टू वीमेन। इस तरह से सब जगह स्त्रियां प्रताडित हैं । सबसे पहले इन धर्म ग्रंथों में संशोधन होना चाहिए । यह हाइएस्ट बाडी आफ द लैंड है । हम यहां घड़ियाली आंसू बहाते हैं । (व्यवधान) राम गोपाल यादव जी मैं गुलाम नहीं हूं आपकी तरह से, जैसे आप अपने नेता के गुलाम हैं । मैं देश का भक्त पहले हूं, बाद में व्यक्ति का, पार्टी का भक्त हूं । पहले मेरा देश है और उसके बाद मानवता । आप पूछिये अपने नेता से । मैं जो बता रहा हू वह सच है । सबसे पहले धर्म ग्रंथों में संशोधन होना चाहिए । स्त्रियों की प्रताड़ना होती है दहेज के कारण, इसलिए दहेज प्रथा समाप्त होनी चाहिये ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : गौतम जी, एक मिनट मंत्री जी कुछ कहना चाहते हैं ।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : मैडम, हमारे काबिल दोस्त ने कहा और रामायण की उन्होंने अभी एक पंक्ति पढ़ी कि "ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, ये सब ताड़न के अधिकारी ।" रामायण के आदर्श राम हैं, रावण नहीं । यह पंक्ति रावण के मुह से निकली है, जब मंदोदरी को उसने डांटा था । यह रामायण की फिलासफी . . . (व्यवधान) . . . रामायण के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं । यह उनके मुंह से नहीं निकला है । तो हमारे धर्म ग्रंथ में कोई त्रुटि नहीं है ।

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM : You are a lowyers and I too am lawyer. lawyers do not agree ever agree. It is your personal interp

पर्सनल इंटरप्रेटेशन है । दोनों फरीकों का मुद्दा एक ही है । असलियत में अपनी अपनी तरह से इंटरप्रेटेशन करते हैं । इसी के ऊपर आप सुन लीजिये । एक साधु, एक पनवाड़ी, एक परचूनी और एक पहलवान मार्निंग वाक पर जा रहे थे. सैर के लिए । तीतर बोला । चारों बोले तीतर ने क्या कहा । साधु बोला शुभान तेरी कुदरत, परचूनी बोला गलत, तीतर ने बोला नमक मिर्च अदरक । पनवाड़ी बोला तुम दोनों गलत । तीतर बोला पान, बीड़ी. सिगरेट ।पहलवान बोला तुम तीनों बिल्कुल गलत । तीतर बोला । दंड, बैठक, कसरत । जिसका जैसा माइंड होता है, जिसका जैसा फन होता है, जैसी जिसकी मानसिकता होती है, वह वैसे ही अनुवाद करता है लेकिन असल इंटरप्रेटेशन अपनी जगह पर है।

दूसरा कारण है दहेज । उन लड़कियों का वैवाहिक जीवन ज्यादातर परेशान है जो गरीब घरों की हैं, जिनको दहेज कम मिला है । दहेज की शादियां बड़े बड़े लोग करते है । हमारे जो कांग्रेस भाई है उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी से सबक नहीं लिया । उन्होंने अपने दोनों बेटों की शादी की । 7-7 आदमी बारात में गए और एक पैसा उन्होंने दहेज नहीं लिया । लेकिन इन्हीं के एक मुख्य मंत्री 60 हजार आदमियों को बारात में ले गए और ये सब गए ।.... (व्यवधान)...मैं तो अपनी बात कहा करता हूं । मैं कबीर की तरह हूं कि "तू कहता कागज की लेखी और मैं कहता आंखों की देखी" ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : गौतम जी आप विषय पर बोलें ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैं विषय पर ही बोल रहा हूं ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : आप इधर उधर ध्यान मत दीजिये, बात कहिए ।

श्री संघ प्रिय गौतम : स्त्रियों का ... होता है दहेज के कारण । इसलिए ... प्रथा समाप्त होनी चाहिए । लेकिन कैसे समाप्त हो ? यह प्रथा समाप्त नहीं होगी । आप जिम्मेदार लोग हैं, अगुआ लोग हैं आपको पहले स्वयं अपने बेटे बेटियों की शादी में दहेज खत्म करना चाहिए । जो दहेज की शादी करें समाज से उनका बहिष्कार होना चाहिए, उनका किसी भी तरह से साथ नहीं दिया जाना चाहिए ।

वीणा जी, मैं बड़ी व्यावहारिक बात बता रहा हूं । इसके लिए महिलायें स्वयं जिम्मेदार हैं । जब वे बहू बनकर आती हैं तब उनको दहेज न लाने के कारण प्रताड़ना होती है लेकिन जब वही बेटे-बेटियों वाली बनती हैं तो उनकी निगाह भी दहेज की तरफ जाती है । लडका जिसकी शादी होती है वह कभी दहेज नहीं मांगता । उसको पत्नी चाहिए । दहेज माता-पिता मांगते हैं वे उसके लिए जिम्मेदार होते हैं। (Interrlptions) This is one of the reasons, I did not say that this is the only reason.

हम रोज व्यावहारिक जीवन में देखते हैं कि यह भी इसका एक कारण है ।

चौथा कारण है ज्यादा बच्चे होना । ज्यादा बच्चे हो जाने से इस महंगाई में उनकी परवरिश कैसे होगी । (व्यवधान) आप तो कम्युनिस्ट हैं । आप धर्म में हटिए । मैं तो कम्युनिस्ट नहीं हूं ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : मैंने कहा था कि टोका-टाकी पर ध्यान मत दीजिए ताकि स्पीच का लिंक बना रहे ।

श्री संघ प्रिय गौतम : उपसभाध्यक्ष महोदया, ज्यादा बच्चे होने से परिवार की परवरिश हो नहीं पाती और उचित आमदनी से जब उनकी गुजर बसर नहीं होती तो आदमी अनुचित काम करता है और गलत रास्ते पर जाता है और गुस्सा अपनी पत्नी पर उतारता है । अगर परिवार छोटा होगा तो सुखी होगा, पति-पत्नियों में झगड़े नहीं होंगे । परिवार सुखी रहने के लिए परिवार छोटा होना चाहिये ।

उपसभाध्यक्ष महोदया मैं अपने सुझाव दे रहा हूं कि महिलाओं पर अत्याचार कैसे कम हो । जहां तक अधिकारों का प्रश्न है उनको शिक्षा का अधिकार है । बहुत से राज्यों में उनको इंटरमीडियेट तक फ्री एजुकेशन की सुविधा है । मेरा यह सुझाव है कि फ्री शिक्षा के साथ-साथ आखिर तक लड़कियों के लिए शिक्षा कम्पलसरी कर देनी चाहिये । अब आप कहेंगे कि पैसा कहां से आएगा ? पैसा हमारे देश में इतना ज्यादा है कि कोई आदमी अपनी साख बना ले तो उसके लिए पैसे की कोई कमी नहीं है । यदि कोई धार्मिक निर्माण के काम पर पैसा खर्च करना चाहता है । लोग अन्धाधुंध पैसा दे देंगे । लेकिन लोग बेईमान हैं, पैसा इकट्ठा करते हैं और खुद खा जाते हैं । इसलिए लोगों की साख नहीं है । मेरा यह सुझाव है that free, compulsory and uniform education should be provided in the entire country.

पैसा कहां से आएगा । मैंने जैसे बताया है पैसा अन्धाधुंध पब्लिक देगी । You establish your credibility.

यह हमने अपने जीवन में देखा है । मैं आपको एक छोटा सा उदाहरण देता हूं । 1971 की लड़ाई में हमारी बहनों ने अपने कानों के बाले और अंगूठियां ऐसे फेंक दी थी । हमारे देश में कोई कमी नहीं है । दूसरे देशों में सोना एक जगह इकट्ठा है लेकिन हमारे देश में सोना हर घर में बंटा हुआ है । लोग सोना भी दे देंगे । फ्री एजुकेशन फार ऑल लेकिन एजुकेशन केवल बुकिश नहीं होनी चाहिये । गांधी जी और मरहूम डा० जाकिर हुसैन जी ने वर्धा में एक योजना वर्धा शिक्षा योजना बनाई थी । वर्धा शिक्षा योजना where it was a basic training and it was a job-oriented education.

अप्राविधि शिक्षा । इसमें क्या था । इसका उद्देश्य यह था कि औरतें घर में काम करती रहेंगी, कॉटेज इंडस्ट्रीज में काम करती रहेंगी और कभी झगड़ा भी नहीं होगा । खाली आदमी का दिमाग शैतान का घर होता है । चार औरतें जब खाली बैठी होंगी तो कोई अच्छी बात नहीं करती, झगड़े की बात करेंगी । चार अफसर, चार वकील, चार डाक्टर, और चार एम०पी० जब चाहे देख लीजिये या तो ताश खेलेंगे या इधर-उधर की बात करेंगे, देश निर्माण की या चरित्र निर्माण की बात करते नहीं पाएंगे । **(व्यवधान)** यह आज का माहौल है । मैं तो जनरल बात कह रहा हूं । हम यही तो कर रहे हैं । क्या यह गलत है ? बाहर जा कर देखिये । एक तरफ मद्य निषेध कानून है और दूसरी तरफ शराब का प्रचार और प्रसार और एक्साइज ड्यूटी बढ़ाते चले जाओ क्योंकि सरकार को पैसा ही पैसा चाहिये । अल्लाह मियां ने दो चीजें भेजी थी नमक और मिठाई । जितने पैसे वाले लोग है यह दोनों चीजें नहीं खा सकते क्योंकि या तो वह ब्लड प्रेशर के मरीज होंगे या गठिये के मरीज होंगे । जितने पैसे वाले लोग हैं वे सांसारिक सुखों की अनुभूति प्राप्त नहीं कर सकते हैं । हमें अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखना चाहिये तभी परिवार सुखी रहेगा । परिवार बिगड़ता तब है जब आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती है । यदि नैतिक तरीके से नहीं हो पाती तो अनैतिक तरीकों से आदमी पूर्ति करने का प्रयास करता है । अंत में मैं एक बात यह कहना चाहूंगा कि हमारे समाज में पहले पांद सिस्टम था । मैं आपको अकबर बीरबल का एक किस्सा सुनाता हूं । बीरबल खूबसूरत थे, उनकी मां काली तथा दांत निकले हुए थे । **(व्यवधान)** मैं वेल फाउंडेड बात कहता हूं, ऐसे बात नहीं करता । अकबर ने यह जानना चाहा कि बीरबल की मां बहुत सुन्दर होगी, मैं उसका चेहरा देखूं । बीरबल समझ गये कि अकबर मां को देखने आ रहे हैं । वह काली थी और दांत निकले हुए थे उन्होंने कमीज दस्ताने पहन कर घूंघट में दिया, नीचे मौजे पहन लिये । अकबर कहा कि मैं आपकी मां का चेहरा देखूंगा बीरबल की मां ने कहा कि आप मेरी को को देखो जिसने बीरबल जैसा लायक ल पैदा किया है । चेहरे को क्या देखो आज ये आधे बदन, ये नंगे बदन अश्लील हरकतें और ये जो छूट दे टी०वी० पर—यानी कौन-कौन से

हैं, अब तो कई टी०वी० ऐसे भी अखबार में पढ़े, जाने सही हैं या गलत कि वे सेक्स भी दिखाएंगे रात को । कोई भी हों। मर्द हों या कोई भी हों इसका क्या असर पड़ेगा । मैं तो जानता हूं, आप भी जानते हैं कि कौन-से हैं । लेकिन मैं तो विरोध करूंगा । आज टी०वी० को देखकर सब बिगड़ रहे हैं तो घर में महिला भी बिगड़ रही हैं, आदमी बिगड़ रहे हैं, दोनों के संबंध खराब हो रहे हैं, मेन एण्ड वीमेन के बीच परेशानियां बढ़ रही हैं ।

सम्पत्ति का जहां तक प्रश्न है, दहेज के पीछे एक कारण था, और उसकी सीमा थी कि अगर पति मर गया, घर में गरीबी आ गयी तो कुछ सामान लड़की को इसलिए दो कि वह मारी-मारी न फिरे। अपनी गुजर-बसर कर सके । लेकिन अब वह एक डिमांड बन गयी है । पनिशमेंट कीजिए ऐसे लोगों का ? पनिश आप किसी को करते नहीं ।

ज्यादा समय न लेकर, यह कहूंगा कि कुछ बातें जो वीणा जी ने इसमें कहीं मैं उनसे इत्तिफाक नहीं करता हूं जैसे यह कि पति की सम्पत्ति में तो अधिकार शादी के दिन से ही होना चाहिए---यह सही है कि होना चाहिए लेकिन बेचने का अधिकार नहीं होना चाहिए । माफ करेंगे बहुत से आदमी बहुत ज्यादा बदचलन है । लेकिन यदि औरत बदचलन हो गयी और सम्पत्ति को बेच दिया तो बच्चे क्या करेंगे, क्या होगा उनका । आई डोंट एग्री विद दिम। इसलिए मैं इससे सहमत नहीं हूं ।

दूसरा यह है कि औरत यदि बेवा हो गयी और बेवा होने के बाद जैसा आम तौर से और अब तो रिवाज हो गया है, अगर बच्चे हैं और उसने दूसरी शादी कर ली तो उन बच्चों का क्या होगा । इसलिए इसमें कोई प्राविजन होना चाहिए, प्रावधान होना चाहिए, पर यह नहीं होना चाहिए ।

मैं एक अंतिम बात कहना चाहता हूं। भाई सलीम साहब आपका ध्यान चाहूंगा । यू आर वेरी इंटेलीजैंट मैन आफकोर्स, लेकिन मेरी बात सुन लें कि लोग कहते दुनियां बनायी... (*व्यवधान*) हां सुन लीजिए । कहते हैं यह दुनियां ब्रह्मा ने बनायी । सुन ले। दुनियां कहती है कि दुनियां बनाई ब्रह्मा ने । मैं कहता हूं कि औरत अपनी यूनियन बनाकर---जो महिलाएं तंग होती हैं उनकी एक फैसला ले लें । पूरी दुनियां की महिलाएं एक यूनियन बनायें और एक फैसला ले लें और यह कह दें कि कोई भी मर्द महिला पर जुल्म नहीं करेगा। नहीं मानता है तो समय निर्धारित कर दें---एक साल, डेढ़ साल, दो साल और फिर भी मर्द न मानें तो महिलाएं यह फैसला ले लें कि हम मर्द पैदा नहीं करेंगी और जैसे आज लड़कियों की आप गर्दन घोंट देते हैं, भ्रूण हत्या कर देते हैं, मर्द होगा तो वे भ्रूण हत्या कर दें उसकी । 70 साल तक इस प्रक्रिया को अपनाय । ब्रह्मा आकर देख लें कि सृष्टि रहेगी कि नहीं रहेगी... (*व्यवधान*) तो स्थिति यह है । मैं इसका भाव समझाता हूं.... (*व्यवधान*) इसका अर्थ यह है कि महिलाएं जुल्म को बर्दाश्त करती हैं । इसका भाव यह है ।

They should units against oppression.

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : एक मिनट सुनिए। आपने जो सुझाव दिया कि इसका मतलब यह है कि आपके जुल्मों के बाद भी महिलाएं अगर मान लीजिए संतान, औलाद या बच्चा हो तो उसका गला घोंट दें या उसको मार दे । इतनी क्रूर, हत्या करने वाली महिलाएं कभी नहीं होती हैं ।

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल) : ये सोच सकते हैं लेकिन हमारी माताएं ऐसी नहीं हैं ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) हमारे देश में ऐसी संस्कृति नहीं है महिलाओं की । हमारे देश में यह भी संस्कृति नहीं है कि महिलाओं की यूनियन इस चीज के लिए बनायी जाए । ऐसा नहीं करना चाहिए । अपने देश की महिलाओं का अपमान इस तरीके से नहीं करना चाहिए ।

श्री संघ प्रिया गौतम : पहले तो मेरे शब्द जो इसमें लिखे हुए हैं देख । मैंने कहा कि "अगर" । कोई जरुरी नहीं है कि आनरेबुल मेम्बर मेरी बात से इत्तिफाक करें और कोई यह भी जरुरी नहीं है कि मैं किसी से राय लू । मैं अपनी बात. व्हाट आई थिक प्रापर, आई विल से दैट । मैंने यह कहा कि अल्टीमेटम दीजिए । आखिर किसी चीज के निवारण का कोई उपाय, उपचार तो होगा । कानून तो उपचार नही कर रहा है । आज हम देख रहे हैं चोरी की सजा का कानून है, डकैती की सजा का कानून है, कत्ल की सजा का कानून है, सब है किन हर चीज बढ़ रही है । तीन-तीन, चार-चार साल की बच्चियों के साथ बलात्कार और उनकी हत्याएं बढ़ रही हैं । महिलाओं के संग बलात्कार और उनकी हत्याएं बढ़ रही हैं। मास रेप अभी अलीगढ़ में हुआ, परसों पार्लियामेंट में उठा था । रोज रेप बढ़ रहे है, मास रेप हो रहे हैं । आज कानून मदद नही करता । मेरी भावना को समझिए । I am one of you. I am Indian. मेरा भी कल्चर ही है और मेरा कल्चर तो और भी ज्यादा कल्चर्ड लोगों से आगे है। हम राष्ट्रीय संस्कृति को मानते भी है और व्यवहार में भी लाते है । हम राष्ट्रीय संस्कृति का ढिंढोरा नही पीटते है । हमारा उद्देश्य यह है । हमारा फ्रीडम फाइटर मे नाम इसलिए नहीं आया कि हम जेल में नहीं जा सके । हमने तो तिरंगा झंडा उठाया है आजादी के लिए, हम तो उन लोगों में थे । मै यह निवेदन कर रहा हूं कि कुछ हमको महिलाओं के प्रति, बच्चे और बुजुर्ग हमारी संस्कृति है अच्चा, महिला और बुजुर्ग गाव में हमारी भाषा में कहते हैं, अरे, क्या बच्चे के मुह लग रहे हो, क्या महिला के मुंह लग रहे हो, क्या बुजुर्ग के मुंह लग रहे हो । इन तीनों के लिए प्यार और सम्मान हमारी भारत की संस्कृति में है, लेकिन आज तीनों ही अपमानित हो रहे है । बच्चों का अपहरण, महिलाओं का शीलभंग और हत्या और बुजुर्गों का अपमान, उनको दूर किया जा रहा है । यह चिंतनीय विषय है संस्कृति हमारी अलग होती जा रही है और इसलिए इस संस्कृति में जो हमारा हो रहा है वह पाश्चात्य सभ्यता से हो रहा है और टी०वी० वगैरह से । सरकार के लोग बैठे हुए है आप इसे बंद करा दीजिए । कोई अच्छी चीज़ नहीं है इससे कोई अच्छा सबक नहीं ले रहा है । अच्छा सबक हमारे जमाने में जब हम छोटे-छ बच्चे थें तो हम लेते थे । उस समय स्कू में पढ़ाया जाता था कि मां-बाप की से करो । अब तो कही नही पढ़ाया जाता है, सिवाय सरस्वती शिशु मंदिरों के । उनमें तो पढ़ाया जाता है । अब तो संस्कृति नाम की शिक्षा भी नहीं रही है ।..... (**व्यवधान**) हां, सरस्वती शिशु मंदिर.... (**व्यवधान**) मतलब स्कूल, शाखा इज सेपरेट । तो मैं आपसे यह कह रहा था कि... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : मि० सलीम, शाखा और शिशु में अंतर तो... (**व्यवधान**)

SHRI MD. SALIM: Our Parliament never allows mention of a particular firm. I do object. Parliament can not be used for this. He is talking about Saraswati sishu Mandir. It is a particular type of schools run by the RSS. There are private school. We should expunge it. Parliament cannot be used to publicise or advertise any private concern which is commercially run. It is objectionable.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE Do not be so provocative, Mr. Salim. Please, do not be so provocative. Do you know what he is saying? It is not objectionable at all. He said 'Shishu Gharon Mein'.

SHRI MD. SALIM: No.. Saraswati Shishu Mandir.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Saraswati means vidya.

SHRI MD. SALIM: No. I do object to it. The entire north India... (*Interruptions*).

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : मि० सलीम, सरस्वती का मतलब होता है विद्या।...(**व्यवधान**)

श्री मोहम्द सलीम : आर०एस०एस० के लोग नार्थ इंडिया में इस संस्था के नाम पर वाणिज्यक तौर पर चलाते हैं वहां वह राष्ट्र चरित्र का निर्माण कर सकते हैं, कुछ भी कर सकते हैं। म यह कह रहा हूं कि इस सदन को किसी भी कमर्शियल रन प्राइवट कंसर्न की पब्लिसिटी के लिए इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिये ।...... (**व्यवधान**)

श्री संघ प्रिय गौतम उपसभाध्यक्ष: महोदया,...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : गौतम जी, प्लीज सुनिए ।....... (**व्यवधान**)

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: We have got the highest regard for the Member? ...(*Interruptions*)...

यह हम से बहस कर ले ..... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Gautam, will you listen to the Chair? You are talking on a very serious subject here in the House.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Yes.

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) सलीम जी कुछ बातों को लेकर नाराज हो रहे है। आपने जो कहा है आपने कुछ और कहा, जो आप कह रहे है उसको जरा ध्यान मे रखकर फिर आप कहिए ताकि किसी को कोई आपत्ति नहीं हो, इतना ही मेरा आपसे निवेदन है और आप संक्षेप में कहिए।

श्री संघ प्रिय गौतम देखिए वह रेकार्ड पर है। मैंने कहा भारतीय आजपढ़ तो आज पढाई नही जा रहा है । रेकाड पर है। मां-बाप की सेवा करो, सिवाय सरस्वती शिशु मंदिरों के, मैंने इसमें क्या प्रचार की बात कही है।........ (व्यवधान)

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता (मध्य प्रदेश) : इसमें आपको क्या आपत्ति है ।...... (व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : वह जो भी बात कह रहे हैं कोई गलत नहीं, वह सब ठीक कह रहे है,. लेकिन बहुत समझदार आदमी यह भी हैं...(**व्यवधान**) वह कह रहे हैं इस देश में हमारी संस्कृति है, परंपरा है, मैं सब समझता हूं।...(**व्यवधान**) केवल आर०एस०एस० रन स्कूल के अलावा और कहीं सिखाई नहीं जाती ।....... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : मि0 सलीम...(**व्यवधान**)

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश) : इन्होंने गलत नहीं कहा ।....... (**व्यवधान**)

श्री मोहम्मद सलीम : नाम आपको एक्सपंज करना पड़ेगा ।...(**व्यवधान**) आप अगर कहेंगे तो मैं कहने के लिए, तैयार हूं।...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : एक मिनट, जो मैंने यहां से सुना वह यही सुना है "सरस्वती शिशु मंदिर" यह मैंने सुना है। जो आप कह रहे हैं, वह मैंने नहीं सुना है। मैं रिकार्ड देखूगी कि रिकार्ड में क्या लिखा गया है, उसके बाद व्यवस्था दूगी । रिकार्ड में देखंगी और बाद में व्यवस्था दगी ।

श्री मोहम्मद सलीम : हम तो सरकार से कहते हैं कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इस संस्था को बंद कर देना चाहिए।...(**व्यवधान**)

श्री संघ प्रिय गौतम : मैडाम, इन्हे चुप करा देना चाहिए। यह एलीगेशन लगा रहे हैं एक इंस्टीयशन पर कि कॉमर्शियल है व्यवधान

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : इतने गंभीर विषय पर चर्चा हो रही है । आपने फिर अपने भाषण में महिलाओं को इस तरह से कहना शुरू कर दिया । थोड़ी देर पहले आपने जो कहा था, उससे विपरीत कह रहे हैं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैडम, मैं बहुत कम पढ़ा-लिखा हूं ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : देखिए, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि पीठासीन अधिकारी महिला है, बिल लाने वाली महिला है और बोलने वाले आप सारे पुरुष । कितनी गंभीरता आप समझ रहे हैं विषय की ?

श्री संघ प्रिय गौतम : मैंने कहा कि मैं वीणा जी के भाव को समझता हूं और उनका भाव कि आज भी महिलाओं का समाज में उचित सम्मान नहीं है, देश में उचित स्थान नहीं है as far as I have gone through the aims and objects of the Bill... (*Interruptions*) तो मैंने उसके कारण बताए । अब कुछ ण बात हुई है और महिलाओं के लिए म पंचायतों में आरक्षण हुआ है, सिविक निकायों में भी 30 परसेंट आरक्षण हुआ है । शिक्षा में भी वे आगे आ रही हैं और पार्लियामेंट में भी आ रही हैं । हमने यह भी देखा है कि जब महिलाओं से संबंधित मुद्दे सदन में आते हैं तो हम सब मिलकर उनके पक्ष में अपनी बात कहते हैं । . . . (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Will you please take your seat now?

श्री संघ प्रिय गौतम : मेरा भाव यह है कि मैं उनका समर्थन कर रहा हूं । मैंने शुरु में भी कहा था कि महिलाओं को मैं जाग्रत होकर इस ऑप्रेशन और टार्चर के खिलाफ, जो इनके कारण हैं, उनसे लड़ना चाहिए ।

मैं श्रीमती वीणा वर्मा जी के विधेयक का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : बहुत-बहुत धन्यवाद । श्री सुरिन्दर कुमार सिंगला ।

है कि आबादी की इस आधी संख्या को आप शिक्षित करें, उनको बराबरी का दर्जा दें, उनको समाज में बराबरी का सुअवसर प्रदान करें ताकि वह भी विकास कर सकें और जो पुरुषों और महिलाओं के बीच एक खाई बनी हुई है, असमानता बनी हुई है, वह असमानता दूर हो।

मैडम, हमारे कुछ मित्रों ने आशंका जाहिर की कि अगर संपत्ति में महिलाओं को अधिकार दिया जाएगा तो विवाद खड़े होंगे। आज क्या अधिकार नहीं है तो क्या महिलाओं के साथ पुरुषों का विवाद नहीं है? आज जुडिशियल सेपरेशन क्यों किया जाता है, तलाक क्यों दिया जाता है, उनको प्रताड़ित क्यों किया जाता है? आज तो कोई संपत्ति का अधिकार या इसमें कोई ऐसा हक नहीं है, जिस हक की मांग इस बिल के माध्यम से की गई हैं, कारण क्या है, आपके सामने स्पष्ट करना चाहता हूं। हमारा समाज आज भी सामन्ती समाज है और हम लोग हैं वह सामन्ती संस्कार से ग्रसित हैं। बुरा नहीं मानेंगे, माफ करेंगे। हम लोग जो पुरुष हैं, वे सामन्ती संस्कार से अभी भी ग्रसित हैं। अपने को प्रगतीशील कहते हैं, अपने को क्रांतिकारी कहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जब महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की बात आती है तो हमारा वह सामन्ती संस्कार जाग जाता है और फिर हम कोई न कोई बहाना ढूढने लगते हैं कि महिलाओं को यह अधिकार देने से यह विवाद पैदा हो जाएगा, वह विवाद पैदा हो जाएगा। तो आप और बेटे में क्यों विवाद पैदा होता है, भाई-भाई में क्यों विवाद पैदा होता है? विवाद तो पैदा होते हैं, होंगे, लेकिन विवाद का समाधान ढूढने का काम भी हमारा है और सही मायनों में महिलाओं को अगर आप तरक्की देना चाहते हैं, उनका उत्थान चाहते हैं, उनको सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं तो यह प्रधान जवाबदेही हमारी है, पुरुषों की है कि हम उनको सुरक्षा प्रदान करें और उनको हर क्षेत्र में बराबरी का अधिकार व्यवहार में दें, कानून में नहीं। कानून तो बहुत बने हुए हैं। क्या बलात्कार करने का कानून है? लेकिन आज बलात्कार हो रहे हैं। हमारे मित्रों ने सही ही कहा कि अल्ट्रासाउंड के जरिए पता लगा लिया जाता है कि लड़की होगी या लड़का होगा और अगर यह पता चले कि लड़की होने वाली है तो एबारशन करा लिया जाता है, हालांकि सरकार ने एबारशन को अवैध करार दिया है।

मैडम, भारतीय समाज को अगर हम देखें तो शुरू में भारतीय समाज मात-प्रधान समाज था, लेकिन जब समाज में निजी सम्पत्ति का जन्म हुआ तो धीरे-धीरे समाज में सम्पत्ति का अधिकार पुरुषों को होने के कारण वह मात-प्रधान समाज बदलकर पित-प्रधान समाज बन गया और आज हमारा समाज पित-प्रधान समाज है। मैं इतिहास की व्याख्या करने के लिए यहां खड़ा नहीं हुआ हूं लेकिन मैं सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं, हमारे माननीय मंत्रीगण बैठे हुए हैं, कि इस बिल के माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित किया गया है, इसमें कुछ लेक्यूना हो सकते हैं, अनियमितताएं हो सकती हैं, यह सब बातें मानने की हैं, लेकिन हमारा निवेदन होगा सरकार से कि एक कम्प्रिहेंसिव बिल आप लाइए ताकि महिलाओं को सही मायनों में जीवन के हर क्षेत्र में बराबरी का

अधिकार मिल सके, जिसमें सम्पत्ति का अधिकार होना भी आवश्यक है। हमारा समाज तो ऐसा है कि अगर मेन्टिनेंस देने की बात आती है तो समाज में बवाल शुरू हो जाता है, हंगामा मच जाता है। हमारे सोचने का विषय यह है मानवीय दृष्टिकोण से कि जो किसी की पत्नी बनती है वह भी तो समाज में किसी न किसी की बहन और बेटी है। अगर इस मानवीय दृष्टिकोण को अपनाया जाए, जो सच्चाई है जीवन की, समाज की और इस बुनियाद पर अगर अपने को देखें तो निश्चित तौर पर महिलाओं के उत्थान के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए, उनको जीवन के हर क्षेत्र में समान अधिकार देने के लिए हमको आगे आना पड़ेगा और यह जवाबदेही हम पुरुषों की है। कुछ जो हमारे संस्कार हैं, उन संस्कारों को छोड़ना पड़ेगा और भारतीय समाज को अगर सचमुच आगे बढ़ाना है तो यह 50 प्रतिशत की जो आबादी है, इसको समाज में एक विशेष अवसर प्रदान करना पड़ेगा, जैसे समाज के कुछ अलग-अलग तबकों को, वर्गों को आप विशेष अवसर प्रदान कर रहे हैं। अगर समाज की यह 50 प्रतिशत आबादी अशिक्षा के गर्त में रहेगी, प्रताड़ित होती रहेगी, उसकी समाज में कोई प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भारतीय समाज को हम 21वीं सदी में नहीं ले जा सकते हैं।

मैं बहुत ही संजीदगी के साथ और जवाबदेही के साथ यह बात आपके समक्ष रख रहा हूं। मैं ज्यादा समय इस पर नहीं लेना चाहता लेकिन इस बिल का समर्थन करते हुए मैं चाहता हूं कि सरकार इस बारे में एक कांप्रिहेंसिव बिल लाए ताकि महिलाओं को पति की संपत्ति में अधिकार मिले। इससे बहुत कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। कौन कहता है बिगड़ जाएगा? हम लोगों का अपने जीवन का तजुर्बा है कि अगर हमारा व्यवहार ठीक रहे तो पत्नी का व्यवहार भी ठीक रहता है। हमारे समाज में पति लोग क्या चाहते हैं कि हम खुलेआम दूसरी महिलाओं से मिलें और अगर उनकी पत्नी दूसरे मर्दों से बात भी कर ले तो यह उनको बरदाश्त नहीं होता। तो आपको यह अधिकार है और पत्नी को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी मर्द से बात भी कर ले। इतना अविश्वास आपको कैसे हो जाता है? इतने वर्षों से आपने अपनी जिंदगी की शुरुआत की है। आप इतना अविश्वास क्यों करते हैं? इसका मतलब है कि कहीं कुछ गड़बड़ है इसीलिए आपको अविश्वास होता है।

हम लोगों के भी बाल-बच्चे हैं, पत्नी है। हम लोगों ने कोई तनावपूर्ण जीवन तो नहीं बिताया है। कष्टमय जीवन हमने अवश्य बिताया है लेकिन पत्नी ने बैटर-हॉफ के रूप में सहयोग किया है। इसलिए यह कहना कि अगर पत्नी को यह अधिकार मिल जाएगा तो एक गड़बड़ हो जाएगा, वह सब लेकर चली जाएगी, यह ठीक नहीं है।

महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और पुनः जोरदार तरीके से मांग करता हूं कि हमारे माननीय मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, वे इस बारे में एक बिल लायें ताकि महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में यह अधिकार मिल सके। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

شری جلال الدین انصاری (بہار):
میڈم سب سے پہلے میں شریمتی وینا ورما جی کو بدھائی دیتا ہوں کہ انہوں نے اس سوال کو "پرائیویٹ ممبر بل" کے مادھیم سے پیش کیا۔ اس بل کا میں سواگت کرتا ہوں اپنی اور سے اور اپنی پارٹی کی اور سے۔ دکھ کی بات یہ ہے کہ دنیا اور ہمارا دیش اب کچھ ورشوں کے بعد اکیسویں صدی میں پرویش کرنے جا رہے ہیں لیکن آپ دیکھیں ہمارے سماج میں مہلاؤں کی استھتی کیا ہے۔ کل آبادی کا ۵۰ پرسینٹ مہلائیں ہیں لیکن وہ تعلیم یافتہ نہیں ہیں۔ آزادی کے ۴۸ سال ہونے جا رہے ہیں لیکن مہلاؤں کی شکشا کے لئے ان کے وکاس کے لئے۔ ان کی سرکشا کے لئے کوئی سموچت ویوستھا ہمارے سماج ہماری سرکار کی طرف سے نہیں کی گئی ہے۔ یہی کارن ہے آج ہماری مہلائیں سماج میں اپیکشت ہیں۔ پرتاڑت ہوتی ہیں اور یہاں تک دہیج پرتھا کا اس کے کارن ہماری بہنیں اور بیٹیاں آج دردناک استھتی میں ہیں۔

میڈم۔ ہماری بہن ارملا جی نے یہ سوال اٹھایا کہ ہماری لڑکیاں ودیشوں میں چلی جاتی ہیں۔ ودیشیوں کے ساتھ شادی کر کے۔ آخر کیوں چلی جاتی ہیں۔ اس کے دو کارن ہیں۔ ایک کارن یہ ہے کہ وہ دہیج پرتھا پریوار کو مجبور کرتی ہے کہ وہ اپنی بیٹیوں کو کسی کے حوالے کر دے اور دوسرا کارن ہے غریبی۔ ہمارے بھارتیہ سمودھان نے مہلاؤں کو سمانتا کا ادھیکار دیا ہے۔ لیکن ویوہار میں سمانتا کا ادھیکار ہے کہاں؟ سچ مچ میں مہلاؤں کو سمانتا کا ادھیکار تبھی پراپت ہوگا جب انہیں انیواریہ اور نی شلک شکشا پراپت ہوگی۔ ہماری سرکار اور سماج کو ان کے لئے نی شلک اور انیواریہ شکشا کی ویوستھا کرنی ہوگی۔ ویسے تو لڑکے لڑکیاں۔ دونوں کے لئے یہ ویوستھا کرنی چاہیے لیکن آج جو وشیش استھتی ہے ہمارے سماج میں بچیوں کی اور مہلاؤں کی اس کو دھیان میں رکھتے ہوئے ہم اس بل کے مادھیم سے اور سدن کے مادھیم سے سرکار کا دھیان آکرشت کرنا چاہتے ہیں اور مانگ کرتے ہیں کہ کتھنی اور کرنی میں میل ہو۔ کسی بھی سبھیہ سماج کو وکست کرنے کے لئے آوشیک ہے کہ آبادی کی اس آدھی سنکھیا کو آپ سشکت کریں۔ ان کو برابری کا درجہ دیں۔ ان کو سماج میں برابری کا "سواومبر" پردان کریں تاکہ وہ بھی وکاس کر سکیں اور جو پرشوں اور مہلاؤں کے بیچ ایک کھائی بنائی ہوئی ہے۔ اسے سمانتا بنی

ہوتی ہے۔ وہ ایسے سمانتا دور ہو۔

میڈم۔ ہمارے کچھ متروں نے آشنکا ظاہر کی کہ اگر سمپتی میں مہیلاؤں کو ادھیکار دیا جائے گا تو وِواد کھڑے ہوں گے۔ آج یہ ادھیکار نہیں ہے تو کیا مہیلاؤں کے ساتھ پرشوں کا وِواد نہیں ہے۔ آج جوڈیشیل سیپریشن کیوں کیا جاتا ہے۔ طلاق کیوں دیا جاتا ہے۔ ان کو پرتاڑت کیوں کیا جاتا ہے۔ آج تو کوئی سمپتی کا ادھیکار یا اس میں کوئی ایسا حق نہیں ہے جس حق کی مانگ اس بل کے مادھیم سے کی گئی ہے۔ کارن کیا ہے۔ میں آپکے سامنے سپشٹ کرنا چاہتا ہوں۔ ہمارا سماج آج بھی سامنت سماج ہے اور ہم جو لوگ ہیں وہ سامنتی سنسکار سے گرست ہیں۔ برا نہیں مانیں گے معاف کریں گے۔ ہم لوگ جو پرش ہیں وہ سامنتی سنسکار سے ابھی بھی گرست ہیں۔ اپنے کو پرگتی شیل کہتے ہیں۔ اپنے کو کرانتی کاری کہتے ہیں لیکن سچائی یہ ہے کہ جب مہیلاؤں کو برابری کا ادھیکار دینے کی بات آتی ہے تو ہمارا وہ سامنتی سنسکار جگ جاتا ہے اور کبھی ہم کوئی نہ کوئی بہانہ ڈھونڈتے ہیں کہ مہیلاؤں کو یہ ادھیکار دینے سے یہ وِواد پیدا ہو جائے گا۔ وہ وِواد پیدا ہو جائے گا۔ تو باپ اور بیٹے میں کیوں وِواد پیدا ہوتا ہے۔ بھائی بھائی میں کیوں وِواد پیدا ہوتا ہے۔ وِواد تو پیدا ہوتے ہیں۔ پیدا ہوں گے لیکن وِواد کا سمادھان ڈھونڈنے کا کام بھی ہمارا ہے اور صحیح معنوں میں اگر مہیلاؤں کو آپ ترقی دینا چاہتے ہیں ان کا اتھان چاہتے ہیں۔ ان کو سرکھشا پردان کرنا چاہتے ہیں تو یہ پردھان جوابدہی ہماری ہے۔ پرشوں کی ہے کہ ہم ان کو سرکھشا پردان کریں اور ان کو ہر اکشیتر میں برابری کا ادھیکار ویوہار میں دیں۔ قانون میں نہیں۔ قانون تو بہت بنے ہوئے ہیں۔ کیا بلاتکار کرنے کا قانون ہے لیکن آج بلاتکار ہو رہے ہیں۔ ہمارے متروں نے صحیح کہا ہے کہ الٹرا ساؤنڈ کے ذریعہ پتہ لگایا جاتا ہے کہ لڑکی ہوگی یا لڑکا ہوگا اور اگر یہ پتہ چلے کہ لڑکی ہونے والی ہے تو ابورشن کرا لیا جاتا ہے حالانکہ سرکار نے ابورشن کو اویدھ قرار دیا ہے۔

میڈم۔ بھارتیہ سماج کو اگر ہم دیکھیں تو شروع میں بھارتیہ سماج پردھان سماج تھا لیکن جب سماج میں نجی سمپتی کا جنم ہوا تو دھیرے دھیرے سماج میں سمپتی کا ادھیکار پرشوں کو ہونے کے کارن وہ ماتر پردھان سماج بدل کر پتر پردھان سماج بن گیا ہے

اور آج ہمارا سماج پتر پردھان سماج ہے
میں اتہاس کی ویاکھیا کرنے کے لئے
یہاں کھڑا نہیں ہوا ہوں لیکن میں سدن
کے مادھیم سے کہنا چاہتا ہوں۔ ہمارے
ودھی منتری جی بیٹھے ہوئے ہیں کہ یہ
جو اس بل کے مادھیم سے سدن کا دھیان
آکرشت کیا گیا ہے اس میں کچھ لیکونا
ہو سکتا ہے۔ ایسے کمیاں ہو سکتی ہیں
یہ سب باتیں ماننے کی ہیں لیکن ہمارا
نویدن ہوگا سرکار سے کہ ایک گمبھیر ہنیسو
بل آپ لائیے تاکہ مہلاؤں کو صحیح معنوں
میں جیون کے ہر کشیتر میں برابر کا ادھیکار
مل سکے۔ جس میں سمپتی کا ادھیکار ہونا
بھی آوشیک ہے۔ ہمارا سماج تو ایسا ہے
کہ اگر مینٹیننس دینے کی بات آتی ہے
تو سماج میں ہنگامہ شروع ہو جاتا ہے۔
ہنگامہ مچ جاتا ہے تو ہمارے سوچنے کا
وشئے یہ ہے مانویہ درشٹی کون سے کہ
جو کسی کی پتنی بنتی ہے وہ بھی تو سماج
میں کسی نہ کسی کی بہن اور بیٹی ہوتی
ہے۔ اگر اس ماناویہ درشٹی کون کو اپنایا
جائے جو سچائی ہے جیون کی۔ سماج کی اور
اس بنیاد پر اگر اپنے کو دیکھیں تو نشچت
طور پر مہلاؤں کے اتھان کے لئے ان کے
سرکشا کے لئے ان کو جیون کے ہر کشیتر

میں سمان ادھیکار دینے کے لئے ہم کو آگے
آنا پڑیگا۔ اور یہ جوابدہی ہم پرشوں کی
ہے۔ تو کچھ جو ہمارے سنسکار ہیں۔ ان
سنسکاروں کو چھوڑنا پڑیگا اور بھارتیہ سماج
کو اگر سچ مچ آگے بڑھنا ہے تو یہ ۵۰
پرتیشت کی جو آبادی ہے اس کو سماج میں
ایک وشیش اوسر پردان کرنا پڑیگا۔ جیسے
سماج کے کچھ الگ الگ طبقوں کو ورگوں
کو آپ وشیش اوسر پردان کر رہے ہیں اگر
سماج کی یہ ۵۰ پرتیشت آبادی اشکشا کے
کے گرت میں رہے گی۔ پرتاڑت ہوتی رہے گی
اس کی سماج میں کوئی پرتشٹھا نہیں ہوگی
تو بھارتیہ سماج کو ہم ۲۱ ویں صدی میں
نہیں لے جا سکتے ہیں

شری جلال الدین "جاری": میں بہت
ہی نمرتا کے ساتھ یہ بات آپ کے
سمکش رکھ رہا ہوں۔ میں زیادہ سمے اس
پر نہیں لینا چاہتا لیکن اس بل کا سمرتھن
کرتے ہوئے میں چاہتا ہوں کہ سرکار
اس بارے میں ایک گمبھیر ہنیسو بل لائے
تاکہ مہلاؤں کو پتی کی سمپتی میں ادھیکار
ملے۔ اس سے بہت کچھ بگڑنے والا نہیں
ہے۔ کون کہتا ہے کہ بگڑ جائے گا ہم لوگوں
کا اپنے جیون کا تجربہ ہے کہ اگر ہمارا
ویوہار ٹھیک ہے تو پتنی کا ویوہار بھی

ٹھیک رہتا ہے۔ ہمارے سماج میں پتی لوگ کیا چاہتے ہیں کہ ہم کھلے عام دوسری مہلاؤں سے ملیں اور اگر ان کی پتنی دوسرے مردوں سے بات بھی کرے تو یہ انکو برداشت نہیں ہوتا۔ تو آپ کو یہ ادھیکار ہے اور پتنی کو یہ ادھیکار نہیں ہے کہ وہ کسی مرد سے بات بھی کرے۔ اتنا اوِشواس آپ کو کیسے ہو جاتا ہے۔ اتنے ورشوں سے آپ نے اپنی زندگی کی شروعات کی ہے۔ آپ اتنا اوِشواس کیوں کرتے ہیں۔ اس کا مطلب ہے کہ کہیں کچھ گڑبڑ ہے اس لئے آپکو اوِشواس ہوتا ہے ہم لوگوں کے بھی بال بچے ہیں۔ پتنی ہے۔ ہم لوگوں نے کوئی تناؤ پورن جیون تو نہیں بتایا ہے۔ کشٹ مے جیون ہم نے آورشے بنایا ہے لیکن پتنی نے بیٹر ہاف کے روپ میں سہیوگ کیا ہے اس لئے یہ کہنا کہ اگر پتنی کو یہ ادھیکار مل جائے گا تو سب گڑبڑ ہو جائے گا۔ وہ سب سے کر چلی جائے گی یہ ٹھیک نہیں ہے۔

مہودے۔ انہیں شبدوں کے ساتھ میں اس بل کا سمرتھن کرتا ہوں اور اپنے زوردار طریقے سے مانگ کرتا ہوں کہ ہمارے مانیہ منتری جی یہاں بیٹھے ہوئے ہیں وہ اس بارے میں ایک بل لائیں تاکہ مہلاؤں کو جیون کے سبھی اکشیتروں میں یہ ادھیکار مل سکے۔

ان شبدوں کے ساتھ میں اپنی بات سماپت کرتا ہوں۔ "دھنیواد"

श्री ईश दत्त यादव : (उत्तर प्रदेश) माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण विधेयक पर मुझे बोलने का समय दिया। श्रीमती वीणा वर्मा जी ने इस विधेयक को प्रस्तुत करके सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करने की कोशिश की है कि आजादी के इतने दिनों के बाद भी अपने देश में नारी को पुरुष के बराबर अधिकार नहीं है। इसके लिए मैं श्रीमती वीणा वर्मा जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदया, हिंदू माईथोलॉजी के हिसाब से पत्नी को अर्द्धांगिनी माना जाता है। इस देश में हिंदी के एक बहुत बड़े कवि हुए हैं, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त और उन्होंने महिलाओं की स्थिति का बड़ा दर्दनाक चित्रण किया है। उन्होंने कहा है कि–

"अबला जीवन हाय तेरी यही कहानी,
आंचल में है दूध और आंखो में पानी"

इसलिए वीणा जी को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद दे रहा हूं इस बिल को यहां प्रस्तुत करने के लिए। कानून में जो व्यवस्थायें की गई हैं उसके पीछे सामाजिक परिस्थितियां हैं। मैं समझता हूं कि जब से सृष्टि है, उस समय से लेकर आज तक समाज ने महिलाओं को हमेशा हीन दृष्टि से ही देखा है। मैडम, यह सच्चाई है कि जब किसी परिवार में लड़के का जन्म होता है, बच्चे का जन्म होता है तो खुशी मनाई जाती है, गाना-बजाना भी होता है। इस प्रकार अपनी हैसियत के मुताबिक जिसके लड़का पैदा होता है वह खुशी

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

[श्री ईश दत्त यादव]

मनाता है। लेकिन अगर किसी परिवार में लडकी पैदा होती है, मैं सबके लिए तो नहीं कहना चाहता लेकिन लड़की के पैदा होने पर वह खुशी नहीं मनाई जाती। लोगों ने बच्ची को समाज में अभिशाप समझा है, लोगों ने बच्ची को लाईबिलिटी समझा है कि हमारे ऊपर वह कर्ज लद गई या हमारे ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी हो गई। इस तरह की समाज की मान्यता होती है। बच्ची जब बडी हो गई तो भी उसको कोई अधिकार नही है। जो सामाजिक परम्परा है उसके हिसाब से लड़की को पर्दे में रहना है। मां-बाप के घर रहना है तो मां-बाप का अंकुश उनके ऊपर है और जब पति के घर चली गई तो पति का अंकुश है और प्रताड़ना दोनों ही हैं। उसको समाज का कोई अधिकार नही दिया गया है। हम समझते हैं कि इसी पृष्ठभूमि में इस देश के कानून में भी महिलाओं को कोई अधिकार नही दिया। मैडम, इस देश में 4–5 कानून हैं। जो मेरी जानकारी में हैं वह हैं – हिन्दु लॉ, हिन्दू मैरिज एक्ट, मुस्लिम लां, स्पेशल हिन्दू मैरिज एक्ट। यह तो जनरल हैं, जो एग्रीकल्चर्ल प्रोपर्टी को छोड़ करके लागू होते हैं। जो एग्रीकल्चर्ल लैड है, जो कृषि योग्य भूमि है, जो इस तरह की भूमि है उसके लिए राज्य सरकार ने अपने अलग-अलग कानून बना रखे हैं। लेकिन जिन कानूनों के बारे में मैंने कहा, हिन्दू लॉ, मुस्लिम लॉ, हिन्दू मैरिज एक्ट, स्पेशल मैरिज एक्ट, इन कानूनों में महिलाओं की उपेक्षा की गई है मैं दूसरे कानुनों की समीक्षा नही करना चाहता। मैडम, हिन्दु लॉ में जो हमारे कानून बनाने वाले लोग हैं, जो हमारे नेता थे, जिन्होंने इस कानून की रचना की उन्होंने महिलाओं को बहुत दबे हुए मन से और मैं समझता हूं कि दुखित मन से और संकोच की भावना से उन्होने महिलाओं को कुछ अधिकार दिए और कहा कि महिलाओं के लिए केवल स्त्री धन हो। स्त्री धन की भी व्याख्या उस कानून में की गई। शादी के समय वह लड़की जो भी सम्पत्ति पाती है चाहे अपने पिता की ओर से पाए या ससुराल वालों की ओर से पाए, वही स्त्री धन है और उसी की वही मालिक है। जिन्होंने इस कानून की रचना की, उन लोगों ने भी दबे मन से इस काम को किया और हमेशा उपेक्षा की भावना से देखा। मैडम, जहां तक टोनेंसी लॉ का सवाल है, जमीन संबंधी कानूनों का सवाल है, हम समझते हैं कि शायद सबसे पहले उत्तर प्रदेश में एग्रीकल्चर्ल लैड में महिलाओं को अधिकार दिया गया। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी जो इस देश के बड़े नेता थे और इस देश के प्रधान मंत्री भी थे, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश में जमींदारी प्रथा उन्मूलन अधिनियम बनाया तथा उत्तर प्रदेश के टोनेंसी एक्ट को रिपील किया तो हम समझते हैं कि कृषि संबंधी जो भूमि है उन्होंने इस एक्ट के अंतर्गत महिलाओं को अधिकार दिया। लेकिन श्रीमती मीणा वर्मा जी का जो उद्देश्य है, जो इनकी भावना है उस भावना के अनुरूप यह कानून भी नही है। चाहे उत्तर प्रदेश का हो, चाहे देश के किसी कोने का कोई कानून हो, श्रीमती वीणा वर्मा जी जो चाहती हैं सही चाहती हैं, उसका मैं समर्थन करता हूं। इस तरह का इस देश के अंदर कोई कानून नही बना। कानून क्या बना कि अगर पति मर जाएगा तो उसके मरने के बाद पत्नी का हिस्सा हो जाएगा और जो इतना लम्बा पीरियड चलेगा, इस पीरियड में अगर पत्नी की प्रताड़ना की जाती है, उसकी उपेक्षा की जाती है तो पत्नी के संरक्षण के लिए कोई व्यवस्था कानून में नही है। सिवाय कि हमारे कटारिया जी कह रहे थे कि मेंटेनेंस के लिए वह अदालत की शरण ले और तो कोई रास्ता नहीं है। और अगर उसके मन में सम्पत्ति का जरा भी लालच है जो कि बहुत स्वाभाविक नहीं है, लेकिन अगर पत्नी के मन में जरा भी सम्पत्ति का लालच है तो कितने दिन वह इंतजार करेगी कि मेरा पति मर जाए और मैं सम्पत्ति की मालिक हो जाऊं ? उसको बहुत लंबे पीरियड तक इंतजार करना पड़ेगा। इस तरह की कानून में विसंगति है और महिला के साथ भेदभाव किया गया है और शुरू से नारी को कमजोर समझा गया। हीनता की भावना से देखा गया।

मैडम, इस देश में सब कुछ हो गया महिला देश की प्रधान मंत्री हो सकती है,।

...न्त्री हो सकती है, आप जिस आसन पर बैठी हैं, उस पर आसीन हो सकती हैं लेकिन आज भी जो समाज का कानून है, इस देश का कानून है, भारत सरकार का जो कानून है, उस कानून में आज भी मैं दावे के साथ कहता हूं कि महिला को जो सम्मान मिलना चाहिए, जो हक मिलना चाहिए, वह हक दिया नहीं है और उसको सम्मान भी नहीं दिया गया। लेकिन अब कानून मंत्री जी भारद्वाज जी बैठे हुए हैं, विधिवेत्ता हैं, मैं इनसे कहूंगा, ये तो अनुरोध ही करेंगे और वीणा जी मान जाएंगी और इस बिल को वापस ले लेंगी लेकिन मैं चाहूंगा कि सरकार इस पर गंभीरता से विचार करे और इस तरह का कानून बनाए कि महिला और पुरुष में इस देश में कोई भेद न रहे।

मैडम, मैं अभी एक आर्टिकल पढ़ रहा था, बंगलादेश की प्रसिद्ध लेखिका हैं तसलीमा नसरीन। उनका मैं लेख पढ़ रहा था परसों जब मैं ट्रेन में आ रहा था तो उसमें उन्होंने लिखा था कि मैं डायरी नहीं रखती और उसमें उन्होंने तर्क दिया कि डायरी इसलिए नहीं रखती हूं कि डायरी के पहले पेज पर लिखा जाता है नेम, फादर्स नेम, वाइफ्स नेम, हाऊ मैनी चिल्ड्रन, ब्लड ग्रुप, वेट, पास बुक नंबर आदि-आदि। उन्होंने कहा कि मैंने किसी डायरी में नहीं देखा कि लिखा हो हस्बैंड्स नेम, पति का नाम लिखने के लिए किसी डायरी में नहीं छपा, न ढाका में, न बंगलादेश में और न किसी और देश की डायरी में छपा और इसलिए तसलीमा नसरीन ने कहा और उनकी व्याख्या यह है कि महिला को यहां कोई स्थान नहीं दिया गया। बच्चा पैदा हुआ, स्कूल में पढ़ने चला गया तो उसका नाम, फादर्स नेम लिखा जाएगा, पिता का नाम लिखा जाएगा और माता का नाम कहां है, उसकी परवाह इस देश के अन्दर किसी को नहीं है तो इसलिए इस देश के समाज ने और इस देश के कानून ने, दोनों ने महिला की उपेक्षा की है।

श्री संघ प्रिय गौतम : और तसलीमा नसरीन ने यह सही बात कही है?

श्री ईश दत्त यादव : उनकी बातों को तो मैं सही मानता ही हूं। तसलीमा नसरीन की बातें जो हैं, आप गलत मान सकते हैं, मैं तो सही मानता हूं। तो मैडम मैं आपसे अनुरोध कर रहा था। कि श्रीमती वीणा वर्मा जी की जो मंशा है, उस मंशा के बारे में सरकार को और कानून मंत्री जी को, विधि मंत्री जी को, इनके कानून विभाग के लोगों को गंभीरता से सोचना पड़ेगा कि कानून किस तरह से बनाया जाए क्योंकि मैडम, यह भी कोई आसान काम नहीं है। मान लें कि एक लड़की की शादी हुई एक लड़के के साथ और लड़के के नाम से कोई प्रापर्टी नहीं है, लड़के के नाम से कोई सम्पत्ति नहीं है। लड़के के बाप के नाम से सारी सम्पत्ति पड़ी हुई है तो फिर वह लड़का और उसकी पत्नी दोनों इंतजार करेंगे कि "हे मेरे बाप, कब मरेंगे आप?' कितनी जल्दी आप मर जाएंगे कि दोनों के नाम से प्रापर्टी हो जाए फिर दोनों को इंतजार करना पड़ेगा और दूसरी स्थिति आ सकती है...

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : यादव जी, ऐसा भी होता है कभी?

श्री ईश दत्त यादव तो मैडम, मैं कह रहा था ...

उपसभाध्यक्ष, (कुमारी सरोज खापर्डे) : का अभी कितना समय लेंगे क्योंकि कॉमर्स मिनिस्टर साहब को कुछ स्टेटमेंट करनी है? आप बोलिये, मैं आपको रोक नहीं रही हूं। ...**(व्यवधान)**

श्री ईश दत्त यादव : मैडम, मैं दूसरी स्थिति के बारे में कह रहा था। जो कानून बनाना होगा। वीणा वर्मा जी का जो बिल है, यह तो वापिस हो जायेगा।

श्री संघ प्रिय गौतम : क्यों वापिस हो जायेगा?

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : यादव जी, आप क्यों इन्हें बार-बार बिल

वापिस लेने के लिये कह रहे हैं? वह बिल वापिस नहीं ले रही हैं. आप बोलते जाइये ।

श्री ईश दत्त यादव : अगर वापिस न लें तो मुझे बेहद खुशी होगी । लेकिन माननीय कानून मंत्री जी, न्याय मंत्री जी इनसे अनुरोध करेंगे और यह मान जायेंगी । मैं इनकी भावना को भी समझता हूं और मंत्री जी जो कहेंगे, वह भी मैं जानता हूं । मैं आगे यह कह रहा था कि दूसरी स्थिति यह आयेगी कि एक महिला की शादी एक पुरुष के साथ होती है, उसके नाम से अगर संपत्ति है, तब तो ठीक है, इस तरह का कानून बन जाना चाहिये और इस तरह का कानून होना चाहिये कि जिस दिन शादी होती है, उस समय जब शादी की सेरामनि होती है, जो फंक्शन होता है, उसी समय उस कानून के अनुसार उस महिला का या उस लड़की का उसके पति की जो भी संपत्ति है, चाहे वह चल संपत्ति है यह अचल संपत्ति, उसमें उसका अधिकार हो जायेगा । इस तरह का कानून माननीय न्याय मंत्री जी को बनाना चाहिये । लेकिन मैं एक तीसरी स्थिति के बारे में भी सोच रहा हूं कि मान लीजिये, किसी लड़की की शादी हुई और वह एम्प्लाइड है, सर्विस में है, चारबछः हजार रुपये मासिक उसकी तनख्वाह है और उसके पिता ने भी उसे मकान दे दिया, जमीन दे दी और वह जमीन उसके नाम से है तथा दूसरी ओर पति रोड मास्टर है, तब क्या होगा?

श्री संघ प्रिय गौतम : तब पति की उसमें हिस्सेदारी होगी ।

श्री ईश दत्त यादव : यह भी कानून बनना चाहिये । जिस दिन शादी होती है, जिस क्षण शादी होती है, क्योंकि समता लानी है तो ऐसा कानून भी होना चाहिये । गौतम जी, आप हमारे ऊपर कृपा करिये । मैं जानता हूं कि आप जिस पार्टी में हैं, उस पार्टी का काम ही देश में उत्पात मचाना है, इसलिये मैं आपसे क्षमा चाहता हूं । मैं बहुत नम्रता से निवेदन कर रहा हूं । तो मैं तीसरी स्थिति के बारे में कह रहा था । मैं यह नहीं कहता कि मेरी बात मान ली जाये लेकिन कानून मंत्री जी, विधि मंत्री जी और उनका ला डिपार्टमेंट इस पर गंभीरता से सोचे क्योंकि समता लानी है, स्त्री और पुरुष को समान करना है, दोनों को बराबर दर्जे पर लाना है । जहां तक समता का सवाल है, संपत्ति में अधिकार देने के लिये, तो इस पर भी गंभीरता से विचार करना पड़ेगा । बहुत उदाहरण तो नहीं मिलते, लेकिन पांच परसेंट, दस परसेंट उदाहरण इस तरह के मिले हैं, आपको भी और माननीय सदन के सदस्यों को भी मिले हैं और मुझे भी मिले हैं, कि महिला जिसकी शादी होती है, उसके पास संपत्ति बहुत है और उसके पतिदेव अभी पढ़-लिख रहे हैं, नौकरी के लिये ट्राई कर रहे हैं और असफल हो गये हैं, तो उनका जीवन बहुत कष्टमय हो जाता है । इसलिये इस पहलू पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिये ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : यादव जी, आप संक्षेप में बोलिये । पांच बजने में कुछ ही मिनट बाकी हैं ।

श्री ईश दत्त यादव : मैडम, अभी तो मुझे बहुत कुछ बोलना था ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : ठीक है, बोलिये । लेकिन पांच बजे कामर्स मिनिस्टर को मैं कहूंगी कि अपना बयान वह दें । अब आप आगे बोलिये ।

श्री ईश दत्त यादव : ठीक है, पांच तो बज ही गये हैं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : आप पूरा करिए ।

श्री ईश दत्त यादव : इतनी देर में पूरा तो नहीं हो सकता है ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : जितने दो चार शब्द आपके पूरे हो सकते हैं उसको पूरा कर लीजिये ।

5.00 P.M.

श्री ईश दत्त यादव : मैडम, मैं निवेदन कर रहा था कि जो समाज और देश की स्थिति आज है और इस देश के अन्दर जो कानून है, उन सारे कानूनों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना पड़ेगा । क्योंकि अब ज्यादा दिन तक इस देश में महिलाओं की उपेक्षा नहीं की जा सकती... (**व्यवधान**) हमेशा की गई है । माननीय साहू जी आप इसको स्वीकार करेंगे हृदय से कि महिलाओं की हमेशा इस देश के अन्दर उपेक्षा की गई । उन को कमजोर समझा गया । उनको अबला समझा गया । इसलिये श्रीमती वीणा वर्मा की मैं पुनः धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने ऐसा एक विधेयक प्रस्तुत किया है । यद्यपि मैं इस विधेयक को पर्याप्त नहीं मानता । इस विधेयक में जो बातें दी गई हैं उनमें महिलाओं के अधिकारों को पूरा संरक्षण प्राप्त नहीं होता । जो विधेयक प्रस्तुत किया गया है इस विधेयक में बहुत सी कमियां हैं ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगी कि आप अगर अपनी बात पूरी नहीं कर पाये तो आप अपनी बात कामर्स मंत्री जी के बयान के बाद पूरी कर सकते हैं ।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : यह तो पांच बजे खत्म हो जायेगा ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : आप अपनी बात अगली बार पूरी कर लीजिये । अब कामर्स मिनिस्टर साहब का बयान होगा ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मंत्री जी का बयान नहीं हो सकता ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : क्यों नहीं हो सकता ?

श्री संघ प्रिय गौतम : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है । मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । तीन बात हैं । पहली बात यह है कि पांच बजे तक प्राइवेट मेंबर्स के बिल का टाइम है । पांच बजकर एक मिनट या दो मिनट पर हो सकता है, पांच बजे नहीं हो सकता है । दूसरे यह जो इलेक्ट्रोनिक नोटिस बोर्ड लगा हुआ है इधर भी और उधर भी दोनों तरफ यह लिखा है एग्रीमेंट पर स्टेटमेंट होगी । पर यह नहीं लिखा कौन से एग्रीमेंट पर स्टेटमेंट होगी । तीसरे दोनों इलेक्ट्रोनिक बोर्ड पर अंग्रेजी में लिखा हुआ है । एक भी बोर्ड पर हिन्दी में नहीं लिखा हुआ है । इसलिये माननीय मंत्री जी का वक्तव्य आज नहीं हो सकता । पांच बजे तक का टाइम प्राइवेट मेम्बर्स का है ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : आप इतने एक्साइटिड रहते है कि आप न चेयर को कुछ समझते हैं और न किसी और को कुछ समझते है । पांच बजकर एक मिनट हो रहा है आप क्यों इस बात का झगड़ा खड़ा कर रहे हैं कि यह स्टेटमेंट नहीं होगा । प्राइवेट मेंबर्स बिल का टाइम पांच बजे तक का था ।

श्री संघ प्रिय गौतम : बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में.... (**व्यवधान**)..

DR. BIPLAB DASGUPTA: Madam, I am raising some constitutional issues. In the List of Business there is no mention that the statement would be made by the Minister of Commerce. There was no discussion in the BAC. Moreover, I understand there is a convention that when such statements are to be made, in the morning notice is given that such a statment would be made. If you look at the composition of the House now, how many Members are there? If this was brought to the notice of the Members in the morning, many people would have been here, given the gravity of the subject. The notice came just at four o'clock. We have got only one hour's notice, by when most of the Members have left for their constituencies. It will be very improper on the part of the Minister to make the statement. I would request him not to make the statement now but leave it until Monday. Then the statement can be made and clarifications sought. I would request the Mi-

[Dr. Biplab Dasgupta—Contd.]

nister not to place it before the House because I don't think it would be proper for him to do so. If it is done, certainly we will not permit it. (*Interruptions*)...

श्री संघ प्रिय गौतम : आप यह स्टेटमेंट नहीं ले सकते (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : अगर आप इस तरह से बार बार खड़े होंगे तो ठीक नहीं होगा । Then I will have to raise my voice to make you sit.

श्री मोहम्मद सलीम : विधि के अनुसार मंत्री महोदय को यह अधिकार है कि वह कोई भी बयान लेकर सदन में आय । लेकिन हमारा यह पहला सप्ताह है और आज फ्राइडे है । फ्राइडे आफ्टरनून हम प्राइवेट मेंबर बिजनेस लेते हैं । अगर कोई ऐसा सवाल आ जाय तो हमें आफ्टर प्राइवेट मेंबर्स बिजनेस लेना है वह प्री लंच सेशन में एलान किया जाता है । जो इलेक्ट्रोनिक नोटिस बोर्ड लगा हुआ है इसमें कभी-कभी इलेक्यूजिक भी आता है, बहुत से सवाल भी आ रहे हैं । इसको ओथेंटिक नहीं मानते रूल के मुताबिक आप यहां चार बजे क्ट्रोनिक नोटिस बोर्ड पर यह लगवाते हैं और उसके बाद आपने चेयर से घोषणा कर दी । जो सदस्य प्राइवेट मेंबर्स बिजनेस में भाग ले रहे हैं या जिन्होंने स्पेशल मेंशन करना है वे यहां बैठे हैं, or, given the gravity of the situation and the importance of the subject-matter of the statement...

आप इस सदन को और सदन के तमाम सदस्यों को न बताकर उनके पीछे ऐसी घोषणा अपने आप नहीं ला सकते । मेरा सवाल यह है कि हम अक्सर दूसरे हफ्ते में ऐसे निर्णय लेते हैं कि 6 बजे बैठेंगे, 7 बजे बैठेंगे । इससे बहुत से सदस्य पोस्ट सेशन लंच में वापस आ जाते हैं । दूसरा अभी तक हमने रोज सदन 5 बजे एडजर्न किया है । मैडम, दो दिन कोई स्पेशल मेंशन नहीं हुए । इसके लिए बहुत से मेंबर बैठे हुए हैं । इसलिए स्पेशल मेंशन होने चाहिएं । तीन रोज से मेंबर बैठे हैं । हम इसके लिए देर तक बैठने के लिए तैयार हैं । साथ ही क्लेरिफिकेशन भी नहीं लिए जा रहे हैं और यह कोई ऐसा महत्वपूर्ण मामला भी नहीं है जो वाणिज्य मंत्री जी इसको आज ही यहां रखें । इसको आने वाले दिनों में किसी भी दिन रखा जा सकता है । इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि इसको परमिट न करें वरना यह एक गलत प्रिसिडेंट हो जाएगा । 4 बजे इलेक्ट्रोनिक बोर्ड पर बताकर आप ऐसा न करें ।

†[شری محمد سلیم: ودھی کے انوسار منتری مہودے کو یہ ادھیکار ہے کہ وہ کوئی بھی بیان لے کر سدن میں آئیں لیکن ہمارا یہ پہلا سپتاہ ہے اور آج فرائی ڈے ہے فرائڈے آفٹرنون ہم پرائیویٹ ممبر بزنس لیتے ہیں اگر کوئی ایسا سوال آجائے جو ہمیں آفٹر پرائیویٹ ممبرس بزنس لینا ہے وہ پری لنچ سیشن میں اعلان کیا جاتا ہے جو الیکٹرونک نوٹس بورڈ لگا ہوا ہے اس میں کبھی کبھی میوزک بھی آتا ہے بہت سے سوال بھی آ رہے ہیں اس کو آتھنٹک نہیں مانتے رول کے مطابق۔ آپ یہاں چار بجے الیکٹرونک نوٹس بورڈ پر یہ لگواتے ہیں اور اس کے بعد آپ نے چیئر مین سے گھوشنا کر دی کہ جو سدسیہ پرائیویٹ ممبر بزنس میں بھاگ لے رہے ہیں یا جنہوں نے اسپیشل مینشن کرنا ہے وہ یہاں بیٹھے ہیں]

شری محمد سلیم "جاری":

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

or, given the gravity of the situation and the importance of the subject-matter of the statement...

آپ اس سدن کو اور سدن کے تمام
سدسیوں کو نظر بنا کر ان کے پیچھے ایسی گھوشنا
نہیں آپ لا سکتے۔ میرا سوال یہ ہے کہ ہم
اکثر دوسرے ہفتے میں ایسے نرنے لیتے
ہیں کہ ۶ بجے بیٹھیں گے ۷ بجے بیٹھیں گے
اس سے بہت سے سدسیہ پوسٹ سیشن لنچ
میں واپس آجاتے ہیں۔ دوسرا ابھی تک
ہم نے روز سدن ۵ بجے ایڈجورن کیا ہے
میڈم۔ دو دن کوئی اسپیشل مینشن
نہیں ہوئے اس کے لئے بہت سے ممبرس
بیٹھے ہوئے ہیں اس لئے اسپیشل مینشن
ہونے چاہئیں۔ تین روز سے ممبرس بیٹھے
ہوئے ہیں۔ ہم اس کے لئے دیر تک
بیٹھنے کے لئے تیار ہیں یا تو وہی کلیریفکیشن
بھی نہیں لئے جا رہے ہیں اور یا تو نہ
ایسا ہوتو پورن معاملہ ہی نہیں ہے جب
وانجیہ منتری جی اس کو یہاں رکھیں۔
اس کو آنے والے دنوں میں کسی بھی
دن رکھا جا سکتا ہے۔ اس لئے میرا
آپ سے انورودھ ہے کہ اس کو ریڈ
نہ کریں۔ ورنہ یہ ایک غلط پریسیڈنٹ
ہو جائے گا۔ جانے کے ایکزیکٹنگ بورڈ پہ
بتا کر آپ ایسا نہ کریں۔

"ختم شد"

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): You have made your point. Will you please sit down now? Will you please sit down now? (*Interruptions*)

Mr. Swell, will you please sit down?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Madam, if I will just clarify the position, perhaps the hon. Members will not be so much agitated.

Firstly, why I decided to make the statement today is because of the fact that the Cabinet has taken the decision yesterday, last night. If it appears in the Press, then, the same Members will say, "You have taken the decision. The House is in session, and you are not communicating it to the House." Therefore, I decided *suo motu* that I should share this piece of information with the hon. Members at the earliest opportunity. (*Interruptions*)

SHRI MD. SALIM): Madam, this is the precise point. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Salim, please let the Minister complete the statement. Please sit down.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: I am fully aware that the Members may be put to some inconvenience in seeking clarifications, but, as per your direction, it can be said that I can make the statement today. Monday is my question day. You can seek clarifications on Monday. There will be no problem.

SHRI MD. SALIM: Madam, the Minister, replying to my point...

DR. BIPLAB DASGUPTA: If this is the case that the Cabinet decided it last night, why was no notice given in the morning? The whole day was there to inform the House that you were going to make a statement today.

SHRI MD. SALIM: This is my precise objection.

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Are you not allowing others to speak? Only you are speaking.

DR. BIPLAB DASGUPTA: The announcement could have been made in the morning session that the Minister was going to make a statement. Unfortunately, it was not made.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Biplab Dasgupta, I did not allow you to speak. I allowed Mr. Swell to speak. Mr. Swell is there. You are going on speaking like this. It is not fair.

SHRI G. G. SWELL (Meghalaya): Madam, by sheer luck I am here because, otherwise, I would have gone home.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Yes, yes, you never come to the House.

SHRI G. G. SWELL: I would not have known anything about this statement.

I can see the reason given by the Minister that since the Cabinet took the decision last night, that he would not like this to get into the Press before he would mention it in the House and that he would like to take the House into confidence. I agree, but, when the decision was taken last night why could he not let us know today morning that at a particular time this statement would be made? I am sure, this House would have been full because this is a very very important thing that is happening in the world, and we are entering into a new phase. I think it is only fair and proper for the Minister to do it. But, I do not make an announcement in the morning. I do not know whether my colleagues here will agree for the compromise that we can seek clarifications on Monday.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, the hon. Members were making the point about the hon. Minister coming with a statement in this House. Madam, this is the convention of this House especially that the hon. Minister will say that he is coming with a statement. It will be informed to the hon. Members. It is the duty of the hon. Members to be present in the House and to seek clarifications... (*Interruptions*)

Kindly. They cannot say, "Since you did not tell us about it in the morning, we cannot be present in the evening." There is no excuse for it. I would like to submit, whether it is Friday or it is Monday, it is the duty of the Members to be present in the House when the House is sitting. It is absolutely required .. (*Interruptions*)

You may differ with me, but I have to make my point.

SHRI G. G. SWELL: You cannot take the House by surprise.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, in the Business Advisory Committee it was decided that if business would be there the House would sit even beyond five o'clock. Therefore there is no force in their argument, and the hon. Minister is well within his right to make his statement. The Members can ask clarifications on Monday if they feel inconvenient to do so now.

श्री संघ प्रिय गौतम: मैडम, एक बात गलत है। पांच बजे तक हाउस है इसलिए

Members are not supposed on... (*Interruptions*)

SHRI G. G. SWELL: Madam, this is unfair. Initially the Members are not supposed to be present now. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): You have expressed your views. Again and again I am not going to listen to all these things.

SHRI G. G. SWELL: We object on principle that the Government can take

the House by surprise at any time. We do not accept this.

SHRI V. NARAYANASAMY: It is not fair that you take the House by surprise.. The House also will not function at the convenience of each and every Member.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Take the sense of the House, Madam.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Please take the sense of the House.

श्री ईश दत्त यादव : मेरा इससे संबंधित नहीं है। मैं इस विषय में नहीं बोल रहा हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या हमारा भाषण अगली तारीख तक जारी रहेगा ?

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : अभी आपने अपना भाषण दे दिया। पूरा नहीं किया होगा तो अगले सत्र में बोलियेगा लेकिन वाणिज्य मंत्री जी को अपना बयान करने की अनुमति प्रदान कर दीजिए।

DR. BIPLAB DASGUPTA: Please take the sense of the House.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Please sit down. This is not fair. Now Mr. Pranab Mukherjee.

STATEMENT BY MINISTER

Government's decision to ratify agreement establishing World Trade Organisation

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Madam, hon. Members will recall that this House has discussed the Urguay Round results on a number of occasions.

SHRI MD. SALIM (West Bengal): There is no quorum. It cannot be done. (*Interruptions*). How can you do this? (*Interruptions*). Is this the way the Government should function?

राज्य सभा की अपनी गरिमा है। (व्यवधान) सदन की गरिमा का सवाल है (व्यवधान)

[† راجیہ سبھا کی اپنی گریما ہے... "مداخلت"... سدن کی گریما کا سوال ہے... "مداخلت"...]

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : गवर्नमेंट का यह एटीट्यूड ठीक नहीं है। (व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: While there have been differing perceptions on one or the other aspects of the Uruguay Round results, Government is of the view that India's continued participation in the multilateral trading system will be in our national interest. (*Interruptions*).

Government have carefully examined the Agreement Establishing the World Trade Organisation and found that:

— reductions in traiffs will contribute to increased trade flows;

— the Agreement on Textiles, though it disappoints us by not mandating early integration, nevertheless represents a definite, time-bound and legally enforceable commitment to integrate this sector into the multilateral rules governing international trade;

— India has not underatken any reduction commitments in any area of support to agriculture and our development policies remain unaffected;

— there is no obligation on us to patent seeds and plant varieties and a sui-generis system, which protects the rights of the farmers and researchers will be in our own interest;

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): Madam, the House does not have quorum. (Interruptions).

(At this stage some hon. Members left the Chamber.)

†[] Transliteration in Arabic Script